54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.3°c अधिकतम 24.3 °c

**अमृतवाणी**
अच्छे विचार इंसान को ऊंचा बनाते हैं वरना ऊंचाई तो पहाड़ों की भी होती है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:01, सूर्यास्त - 6:05 | वर्ष : 54/ अंक : 42 | बृहस्पतिवार, 12 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**सपा के लोगों को सत्ता वियोग का मानसिक रोग हो गया है : केशव प्रसाद मौर्य**



सत्ता वियोग का मानसिक रोग... सत्ता योग के बिना नहीं जाता....

**▶ लड़कियों को शादी के लिए 1 लाख मिलेंगे, छात्राओं को 400 करोड़ की स्कूटी बाटेंगे,14 नए मेडिकल कॉलेज व तीन यूनिवर्सिटी खुलेंगी, 10 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा ▶ गोरखपुर से लेकर नेपाल बॉर्डर होते हुए सहारनपुर तक नार्थ-ईस्ट कॉरिडोर बनेगा**

# योगी का चुनावी महाबजट







**लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** चुनावी साल में योगी सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करते हुए तमाम बड़ी योजनाओं का ऐलान किया। इनमें गरीब लड़कियों के विवाह के लिए राशि दोगुनी कर एक लाख करने, छात्राओं को स्कूटी के लिए चार सौ करोड़, 14 नए मैडीकल कॉलेज, तीन नई यूनिवर्सिटी खोलने के साथ दस लाख युवाओं को रोजगार देने की घोषणाएं शामिल हैं। इस बार बजट में पिछले साल से 12% की बढ़ोत्तरी की गई है। कृषि और इससे जुड़ी योजनाओं के लिए कुल बजट का 9 प्रतिशत हिस्सा रखा गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज उत्तर प्रदेश सरकार का बजट पेश किया। बजट में 43 हजार करोड़ रुपए की नई योजनाएं शुरू करने का ऐलान हुआ है। महिलाओं के बड़े वर्ग को साधने के लिए अब बेटियों की शादी के लिए 51 हजार की जगह 1 लाख 1 हजार रुपए दिए जाएंगे। युवा वर्ग लुभाने के लिए 10 लाख रोजगार देने का वादा किया है। प्रदेश में 60 मेडिकल कॉलेज हैं, 14 नए और खोले जाएंगे। प्रदेश में 3 यूनिवर्सिटीज शुरू की जाएंगी। सरकार 7 शहरों को स्मार्ट बनाएगी। मेधावी छात्राओं को 400 करोड़ रुपए से स्कूटी बांटी जाएगी। हालांकि पिछले साल भी बजट में इसका प्रावधान किया गया था, लेकिन किसी को नहीं दी गई। मध्यम वर्ग को घर दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद न्यू रेजीडेंशियल स्कीम लॉन्च करेगी। 34 हजार करोड़ रुपए से नार्थ-ईस्ट कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह गोरखपुर से लेकर नेपाल बॉर्डर होते हुए सहारनपुर तक जाएगा। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में अब 2 की बजाय 5 रनवे बनेंगे। योगी सरकार ने बजट का 25% इंफ्रास्ट्रक्चर को दिया है। कृषि को 12%, उच्च से लेकर बेसिक एजुकेशन को 12.50 से 15% तक, जबकि हेल्थ को 6-8% राशि दी गई है। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का लोन बिना ब्याज, बिना गारंटी मिलेगा।

## टेबलेट व स्मार्ट फोन के लिए 2374 करोड़ रुपए

**लखनऊ।** छात्रों को फ्री टैबलेट और स्मार्ट फोन के लिए 2374 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। चुनाव में छुट्टा गोवंश बड़ा मुद्दा बनता है, इसलिए इनके रख-रखाव के लिए 2000 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया है। वित्त मंत्री ने 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया है। यह योगी सरकार 10वां बजट है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में यूपी सरकार ने 8.7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट पेश किया था। सरकार ने अकयानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए 225 करोड़ रुपए दिए हैं। योगी सरकार ने धार्मिक पर्यटन का इस बार भी खास ध्यान रखा है। अयोध्या और नैमिषारण्य के विकास के लिए 100-100 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। सरकार प्रदेश के बड़े मंदिरों का जीर्णोद्धार भी करेगी। इसके अलावा, मेरठ, मथुरा-वृंदावन और कानपुर विकास प्राधिकरण के विकास के लिए 800 करोड़ रुपए दिए है।

## एमएसएमई और रोजगार को बढ़ावा

**लखनऊ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल इंप्लॉइमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की स्थापना के लिए 575 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे स्थानीय खाद्य उत्पादों को पहचान और बाजार मिलेगा। इसके साथ ही, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अंतर्गत इंटरनेशनल फिल्म सिटी परियोजना को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश में फिल्म उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## यूपी एआई मिशन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर

**लखनऊ।** आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत उत्तर प्रदेश एआई मिशन शुरू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत अगले तीन वर्षों में लगभग 2000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम चरणबद्ध रूप से लागू किए जाएंगे। इसके लिए 225 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। स्टेट डाटा सेंटर 2.0 के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके साथ नियोजन विभाग के अंतर्गत स्टेट डाटा अथॉरिटी की स्थापना हेतु 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए 53 विभागों में जन विश्वास सिद्धांत लागू किया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## श्रमजीवी महिला छात्रावास के लिए 80 करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के अंतर्गत गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और लखनऊ में निर्माण कार्य चल रहा है। अन्य जनपदों (अयोध्या, बरेली, अलीगढ़, मिर्जापुर, सहारनपुर एवं मुरादाबाद) में विस्तार के लिए 80 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एसजीपीजीआई में क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सुविधा प्रारंभ करने के लिए 359 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही कैंसर मिशन के अंतर्गत हब एवं स्पोक मॉडल पर राज्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों तथा निजी क्षेत्र के समन्वय से कैंसर उपचार व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

## राज्यकर्मियों व शिक्षा मित्रों की उम्मीदें नहीं हुई पूरी

शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को उम्मीद थी कि उनका मानदेय बढ़ाया जाएगा। विधवा, निराश्रित, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने की भी उम्मीद थी, लेकिन सभी के हाथ खाली रहे। उम्मीद थी कि एक अप्रैल, 2026 से यूपी में 8वां वेतनमान लागू करने की घोषणा होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को भी उम्मीद थी कि उन्हें रोडवेज में मुफ्त यात्रा सुविधा दी जाएगी, लेकिन यह भी नहीं हुई।

## स्वछताकर्मियों के खाते में जाएंगे 16 से बीस हजार

**शिक्षकों को कैशलैस इलाज**

लखनऊ। बजट में स्वच्छताकर्मियों को बड़ा तोहफा देते हुए उनके अकाउंट में सीधे 16 से 20 हजार रुपये भेजने का भी प्रावधान किया गया है। इसके लिए सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही स्कीम का फायदा स्वच्छताकर्मियों को मिलेगा। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, विशेष शिक्षकों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्मिकों तथा पीएम पोषण योजना की रसोइयों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के लिए 357.84 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है। माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए 89.25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को निशुल्क सैनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्कूल उपस्थिति में सुधार की उम्मीद है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एआई प्रमाणन शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत मेधावी छात्रों के शिक्षा ऋण पर अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी के लिए 30 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं।

## योगी बोले- तीन गुना हुआ बजट, नहीं लगा नौ साल में कोई नया टैक्स

**लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। सीएम ने कहा कि 9 साल में तीन गुना से अधिक बढ़ा है। इस दौरान जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। एमएसएमई, कौशल विकास के साथ रोजगार जनरेटर के रूप में यूपी का बढ़ना तय है। हम जन विश्वास सिद्धांत के रूप में आगे बढ़ रहे। निवेशकों को सिंगल विंडो सुविधा दी जा रही है। हमने इज आफ डूइंग में अच्छा किया है। इसके लिए रूल आप लॉ रियल ग्रोथ की गांरटी है। आज यूपी सुरक्षा की गारंटी दे रहा है। योगी ने कहा कि पहली बार किसी सीएम को दसवां बजट पेश करने का मौका मिला है। सीएम योगी ने कहा- चार चीनी मिलों की क्षमता विकसित करने के प्रावधान किए गए हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे को बढ़ाने के लिए घोषणा हुई है। युवाओं को डिजिटली सशक्त बनाने के लिए टैबलेट देने की व्यवस्था की गई है। एआई मिशन, डेटा सेंटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस समेत आईटी सेक्टर में कई घोषणाएं की गई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्ट विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय चल रहे हैं। साथ ही सीएम आवासीय विद्यालयों के लिए बजट में हमने व्यवस्था की है। परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों समेत उच्चतर विद्यालयों के शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था की है। महिलाओं के लिए क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जाएगी। ताकि वह छोटे-छोटे काम के लिए किसी से ऋण न लेना पड़े और उन्हें ब्याजमुक्त ऋण मिल सके। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है। युवाओं को ध्यान में रखते हुए सभी 18 कमिश्नरी में स्पोर्ट कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था है। हर ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम, मिनी स्टेडियम, खेलो इंडिया के कार्यक्रम आगे बढ़ा रहे हैं।

## गुलाब पत्थर पर खिल रहा है। चिराग आंधी में जल रहा है।

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने भाषण के दौरान शायरी भी जमकर की और कई शेर पढ़े। मुलाहिजा हो-सितारा बनकर आसमां में वही चमकते हैं, डुबो देते हैं, जो अपने आप को पसीने में।
ये बात अलग है कि तुम ना बदलो मगर जमाना बदल रहा है गुलाब पत्थर पर खिल रहा है। चिराग आंधी में जल रहा है।
यही जुनून, यही ख्वाब मेरा है। दिया जला के रोशनी कर दूं जहां अंधेरा है।
"बड़ी मुश्किल से कोई सुबह मुस्कुराती है, और गम हर शाम दबे पांव चली आती है कि वक्त लगता ही नहीं जिंदगी बदलने में, बदलने में वक्त जिंदगी लग जाती है ...

## महिलाओं को क्रेडिट कार्ड से मिलेगा ब्याज मुक्त कर्ज

**लखनऊ।** यूपी बजट में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को उद्यमी बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से महिलाओं को आसान, ब्याज-मुक्त एवं चरणबद्ध पूंजी उपलब्ध कराकर लखपति दीदी लक्ष्य को गति दी जाएगी। वहीं महिला उद्यमियों द्वारा उत्पादित सामान की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट और बड़े बाजारों में महिलाओं द्वारा संचालित शोरूम व दुकानों की व्यवस्था की जाएगी, जिनका किराया शुरूआती तीन वर्षों तक राज्य सरकार वहन करेगी।

# अपने ही शासन में भाजपाई बोले एमडीए में हो रहा 'भ्रष्टाचार का नंगा नाच'

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। जनपद में आए दिन खुद भाजपाई अपने ही शासन के अधिकारियों की पोल खोलते दिखाई दे रहे हैं। भ्रष्टाचार की पोल खोलने वाले खुद भाजपा कार्यकर्ता हैं और शायद उन्हें ज्ञात हो चुका है कि यह भ्रष्टाचार बिना उनके बड़े नेताओं की सहमति के सम्भव नहीं है। कहीं सड़कों पर चलते हुए अवैध उगाही, कहीं अस्पताल में अवैध उगाही, कहीं थानों में भ्रष्टाचार का खेल अब भाजपा शासन में खुद भाजपा कार्यकर्ताओं से भी छिपा नहीं रहा और बड़े नेताओं की खामोशी यही बताती है कि कहीं न कहीं उनकी सहमति से ही इतने बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के खेल हो रहे हैं।**

बुधवार को एक बार फिर एमडीए के जेई राजीव कोहली पर दो पीड़ितों ने पहुंचकर खुलकर पैसा मांगने के आरोप लगाए और आरोपों के समय एमडीए परिसर में खड़े अधिकारी किसी प्रकार का कोई माकूल जवाब नहीं दे पाए। दोनों पक्षों के बीच जमकर नोंक-झोंक होती रही मगर कोई कुछ नहीं कर पाया। आखिर में पीड़ित भानू त्यागी और विपुल त्यागी अपनी पीड़ा लेकर धरने पर ही बैठ गए। उक्त घटनाक्रम में विपुल त्यागी ने मीडिया के कैमरे के सामने खुलकर बताया कि उनके भाई बहेड़ी में 11 दुकानें बना रहे हैं, जिसमें एमडीए ने पहले कुछ पैसे मांगे मगर बाद में ढाई लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। जब यह बात भाजपा के विपुल त्यागी को पता चली तो वह एमडीए के अधिकारियों से यही सवाल जवाब करने गया कि आखिर ढाई लाख अतिरिक्त किस बात के मांगे जा रहे हैं। बस इसी बात पर मामला उखड़ गया और परिसर में खड़े एमडीए अधिकारियों व विपुल त्यागी में खुलकर नोंकझोंक हुई। इसके बाद देर शाम तक उक्त घटनाक्रम की सूचना वरिष्ठ भाजपाईयों तक पहुंची तो मामले को सुलझाने के प्रयास किये गए। घटनाक्रम के समय मौजूदा अधिकारी से जब सवाल पूछा गया कि इस मामले में उन्हें क्या सफाई देनी है





तो उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि सचिव साहब आएंगे और वही जवाब देंगे, मगर सभी जवाबों में सब गोलमाल ही दिखाई दिया। अधिकारी ने एक बार कहा कि विपुल त्यागी ही हमसे पैसे की मांग कर रहे थे। इस पर बुलेटिन की टीम ने पूछा कि क्या कोई विपुल त्यागी की ऑडियो रिकॉर्डिंग है, बस इसी बात पर अधिकारी खिल गए और फिर भोले-भाले ढंग से बोले कि रिकॉर्डिंग तो हमारे पास नहीं है। यह पहला मामला नहीं है जब एमडीए पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। इससे पहले भी नवनिर्माण करने वालों व एमडीए के बीच जब सहमति नहीं बनती तो इसी तरह पीड़ित पक्ष भ्रष्टाचार का खुलासा स्वयं करता दिखाई देता है। इस मामले में भी यही हुआ है। पहले पैसे देने की बात बताते हुए विपुल त्यागी व भानू त्यागी ने बताया कि एक बार सिर्फ इस कारण से पैसा दिया गया कि बेकार के झंझट और नेताओं की सिफारिश से कोई लाभ नहीं है सीधा पैसा दो और अपना काम निपटाओ। मगर उन्हें नहीं पता था कि एक बार पैसा देने के बाद बार-बार पैसा देना पड़ेगा। फिलहाल यह पोल तो खुल ही गयी है कि दोनों पक्षों के बीच पैसे का लेन-देन हुआ है। अब देखना यह होगा कि दोबारा आपसी सहमति किस तरह से बनती है!

# रेलवे स्टेशन के सामने वाली गली में सरकारी जमीन पर डाल दिया लेंटर, भोले-भाले एमडीए को कुछ पता नहीं?





**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** एमडीए अपने आपको इतना भोला-भाला दिखाता है, जैसे उसे शहर के बारे में कुछ पता ही न हो। घर के बाहर 500 ईंटों का चट्टा लगाओ तो विभाग के छोटे बड़े कर्मचारी खुश्बू सूंघ लेते हैं कि इस मकान में कुछ होने जा रहा है। मगर उस एमडीए को यह पता नहीं चलता कि अवैध निर्माण कहां हो रहे हैं? आम आदमी जब यह सवाल उठाता है कि सरकारी सड़क पर आखिर कोई कैसे लेंटर डाल सकता है तो बड़े ही भोले-भाले अंदाज में एमडीए के अधिकारी कहते हैं कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है, मगर सच ठीक इसके विपरीत है। पता एमडीए को सब है, नेताओं और अवैध अतिक्रमण करने वालों से सहमति बनाकर सारे काम खुल्लम-खुल्ला हो रहे हैं। ऐसा ही सवाल जब आमजन ने रेलवे स्टेशन के सामने गली में जाकर सीधे टक्कर पर बनाए गए एक अवैध निर्माण के बारे में पूछा तो एमडीए ने वही जवाब दिया कि उनकी जानकारी में यह बात नहीं है। पूरा मकान बनकर खड़ा हो गया और उसके बाहर लगभग पूरी एक दुकान जितना अतिक्रमण 14 गुणा 8 का प्रतीत हो रहा है, पूरी तरह अवैध दिखाई दे रहा है और गली के बच्चे-बच्चे को इस बात की जानकारी है कि यह अतिक्रमण अवैध है मगर फिर भी यह अतिक्रमण आए दिन नवनिर्मित मकानों के बाहर खड़े होने वाले एमडीए के कर्मचारियों को नहीं दिखाई दिया। अब देखना यह होगा कि एमडीए उक्त मामले में क्या सफाई पेश करता है।

## शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पिता जी
**श्री अशोक कुमार गर्ग जी** (सुपुत्र स्व. शान्ति स्वरूप जी)
का स्वर्गवास रविवार, 1 फरवरी 2026 को हो गया है, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म पगड़ी दिन- शुक्रवार, 13 फरवरी 2026**

हवन- प्रातः 08:00 बजे | ब्रह्मभोज- दोपहर 12:00 बजे | रस्म पगड़ी- दोपहर 02:00 बजे

स्थानः- मयूर महल, लिंक रोड, निकट आदर्श कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

**-: शोकाकुल परिवार :-**

ईश्वर स्वरूप गर्ग-आशा (भाई-भाभी)
भारत भूषण गर्ग-रीता (भाई-भाभी)
रेखा (पत्नी स्व. डॉ. इरविन गर्ग) (भाभी)
नवनीत गर्ग-अनिता (भाई-भाभी)
एवं गर्ग परिवार

अंकित अग्रवाल- नीतू (पुत्र-पुत्रवधू)
सौरभ अग्रवाल- स्वाति (पुत्र-पुत्रवधू)
विशाल (हैप्पी)- गरिमा (पुत्र-पुत्रवधू)
मुकुल गर्ग- सौम्या (पुत्र-पुत्रवधू)
अनन्त, आहान, विहान, शनाय (पौत्र)
शनाया, हशिका, समायरा, मेधांशी (पौत्री)

**प्रतिष्ठान :-**

DLS Papers Pvt. Ltd. (MZN) | Agarwal Mill Store (MZN)
Shree Paper Mills (ROHTAK) | Akiva Industries Pvt. Ltd. (MZN)

निवास:- 123/7, उत्तरी सिविल लाईन, रेलवे स्टेशन के सामने, मुजफ्फरनगर (उ. प्र.)

M:. 9927689000, 9927082000, 9837923000

# यूपी में होली से रमजान तक हाई अलर्ट, सीएम योगी बोले-अराजकता बर्दाश्त नहीं




**लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली, महाशिवरात्रि और रमजान सहित आने वाले पर्व-त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में होलिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए, लेकिन किसी भी हाल में अराजक तत्वों को माहौल बिगाड़ने की छूट न मिले। शोभायात्राओं में उपद्रवियों की घुसपैठ रोकी जाए और रंग में भंग डालने वालों पर तत्काल कठोर कार्रवाई हो। सीएम ने कहा कि होलिका दहन परंपरागत स्थलों पर ही कराया जाए, सड़क के बीच नहीं। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाए। महाशिवरात्रि, होली, रमजान, बोर्ड परीक्षाओं, जनगणना और कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। वाराणसी, मेरठ, लखीमपुर खीरी और बाराबंकी के डीएम से तैयारियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रमुख मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात, पार्किंग और महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें अलर्ट रहें तथा पर्याप्त महिला पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि धर्मस्थलों के ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज परिसर से बाहर न जाए। विवाह समारोहों में रात दस बजे के बाद डीजे और तेज ध्वनि उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई होगी। धर्मस्थलों के आसपास भिक्षावृत्ति रोकने और पुनर्वास की योजना बनाने को भी कहा गया। 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं की कार्यक्षमता सुधारने के निर्देश दिए गए। अवैध शराब और सड़कों पर स्टंटबाजी पर सख्ती से रोक लगाने को कहा। सीएम ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह नकलविहीन हों। गड़बड़ी करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। रमजान और ईद, वासंतिक नवरात्र और राम नवमी को लेकर भी समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। जल्द शुरू होने वाली जनगणना को लेकर सभी जिलाधिकारी सतर्क रहें और प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं।

# मीनाक्षी चौक के नॉनवेज होटलों के अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** मीनाक्षी चौक पर अतिक्रमण कर सड़क घेरने वाले नॉनवेज होटलों के खिलाफ आज पुलिस ने जबरदस्त अभियान चलाया तो वहां हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक नगर ने स्वयं मीनाक्षी चौक पर अपनी देखरेख में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया । मीनाक्षी चौक के नॉनवेज होटल शाम को गुलजार होते हैं तो वहां दोनों ओर सड़कों पर उनका कब्जा होता है। होटलों का सामान सड़कों पर रख दिया जाता है। इससे आगे वाहनों का जमघट लग जाता है तो निकलना भी दूभर हो जाता है। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने आज शाम मीनाक्षी चौक पर अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकान का सामान, बोर्ड-बैनर तथा अन्य अवरोधों को हटवाया गया। मौके पर मौजूद दुकानदारों एवं व्यवसायियों को समझाइश देते हुए सख्त निर्देश दिए गए कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार से सड़क, फुटपाथ अथवा सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है तथा आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को आवागमन में परेशानी होती है। उन्होंने सभी व्यापारियों से कानून का पालन करने, निर्धारित सीमा में ही व्यवसाय संचालित करने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया गया कि यदि भविष्य में किसी भी स्थान पर पुनः अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# नोटिस के बाद पेंगुइन रैंडम हाउस के दफ्तर पहुंची दिल्ली पुलिस, ढाई घंटे तक की जांच




**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल (विशेष प्रकोष्ठ) ने 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' को नोटिस जारी कर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने पूर्व सेना प्रमुख की पुस्तक को लेकर दर्ज मामले में और सीक्रेट एक्ट व कॉपी राइट की धाराएं भी जोड़ी हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस की एक टीम बुधवार को गुरुग्राम में पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के ऑफिस में पहुंची और करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। टीम वहां से कुछ कागजात भी अपने साथ लाई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह नोटिस ऐसे समय में जारी किया गया, जब पुस्तक की स्थिति और अनधिकृत संस्करणों के कथित अवैध प्रसार के विरोध में दावे किए जा रहे हैं, जिससे प्रकाशक, पूर्व सेना प्रमुख और वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियां एक व्यापक सार्वजनिक विवाद में शामिल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार विशेष प्रकोष्ठ ने नोटिस के माध्यम से प्रकाशक से औपचारिक रूप से संपर्क कर कई सवाल पूछे हैं और उनके विस्तृत जवाब मांगे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 'पेंगुइन इंडिया' को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के माध्यम से कई सवाल पूछे गए हैं और उनके जवाब मांगे गए हैं। यह कदम उन रिपोर्ट के मद्देनजर उठाया गया है जिनमें दावा किया गया है कि नरवणे के संस्मरण 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की पांडुलिपि प्रकाशन से पहले डिजिटल और अन्य प्रारूपों में अवैध रूप से संभवत प्रसारित की गई। पुलिस ने बताया कि पांडुलिपि के अनधिकृत प्रसार के संबंध में लगे आरोपों के कारण प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच जारी है।

# बचपन की सहेलियों ने की खुदकुशी, एक की 6 महीने पहले हुई थी शादी

**मलिहाबाद, 11 फरवरी (एजेंसी)।** रहीमाबाद के दिलावरनगर रेलवे स्टेशन के बीच बेलवा फाटक के पास बुधवार सुबह दो सहेलियों नीतू (23) और शशि (20) ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। दोनों ने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल सका है। नीतू बुधवार सुबह ही मायके आई थीं। दोनों बचपन से साथ रहती थीं। इस घटना से गांव में कई तरह की चर्चा है। मनकौटी के राजखेड़ा गांव निवासी नीतू का विवाह छह माह पूर्व उन्नाव के औरास थनैया खेड़ा निवासी ईशू से हुआ था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे नीतू देवर के साथ गांव आई थीं। पिता बुद्धा ने बताया कि नीतू सहेली शशि से मिलने गई थी। दोनों घर से लगभग 400 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचीं और ट्रेन के सामने कूद गईं। ट्रेन चालक की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। छानबीन में रेलवे लाइन से थोड़ी दूर पर स्थित बाग में उनकी चप्पलें और स्टॉल मिले। एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि दोनों की बचपन से गहरी दोस्ती थीं और अक्सर साथ रहती थीं। शादी के बाद भी नीतू अक्सर मायके में ही रहती थी। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। नीतू के देवर ने बताया कि नीतू ने पिता से मिलने की बात कही। इस पर वह उन्हें लेकर आए थे। नीतू के पति ईशू दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं।



# ताजमहल देखने पहुंचीं थाईलैंड की राजकुमारी

**डायना बेंच पर बैठकर फोटो खिंचवाई; सेना में मेजर, खुद का फैशन ब्रांड बनाया**



**आगरा, 11 फरवरी (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नावरी नरिरत्ना बुधवार सुबह आगरा के ताजमहल पहुंचीं। ताज की खूबसूरती देख वह खुद को रोक नहीं पाईं। उन्होंने खुद कैमरे में ताज को कैद किया। इसके बाद डायना सीट पर बैठकर अपनी फोटो खिंचवाई। उनके साथ उनका प्रतिनिधिमंडल भी रहा। राजकुमारी के सुरक्षा कर्मियों ने किसी को भी उनकी फोटो-वीडियो नहीं लेने दिए। कुछ विदेशी टूरिस्टों ने फोटो खींची तो उनके मोबाइल से इसे डिलीट करा दिया। ताजमहल में करीब एक घंटे रुकने के बाद राजकुमारी साढ़े नौ बजे आगरा फोर्ट पहुंचीं। इस दौरान टूरिस्टों की एंट्री रोक दी गई।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- अमेरिका ने हमारा इस्तेमाल किया

## - मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका




**इस्लामाबाद, 11 फरवरी (एजेंसी)।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

# सरकार बोली-वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** सोनम वांगचुक की हिरासत से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वांगचुक को फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सरकार से वांगचुक को मेडिकल आधार पर रिहा करने के बारे में पूछा था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वांगचुक की जेल नियमावली के तहत अब तक करीब 24 बार मेडिकल जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वांगचुक पूरी तरह फिट हैं। उन्हें केवल डाइजेशन (पाचन) की समस्या और संक्रमण हुआ था, जिसका इलाज किया गया है। मेहता ने कहा कि इस तरह की समस्या को अपवाद मानकर उन्हें रिहा किया गया तो आगे अन्य लोग भी इस तरह की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन आधारों पर वांगचुक को हिरासत में लिया गया था, वे अभी भी कायम हैं। इसलिए स्वास्थ्य कारणों से रिहाई संभव नहीं है और ऐसा करना सही भी नहीं होगा।



# खराब हेयरकट के बदले दो करोड़ का मांगा मुआवजा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 25 लाख में निपटाओ




**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** दिलचस्प सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त और स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा 'नहीं', जब तक कथित नुकसान का ठोस, विश्वसनीय और प्रमाणित साक्ष्य पेश न किया जाए तब तक नहीं। अदालत ने दो टूक कहा कि करोड़ों का हर्जाना भावनात्मक तर्कों, अनुमानों या मात्र दावों के आधार पर नहीं दिया जा सकता। इसके लिए वास्तविक क्षति का स्पष्ट और प्रमाणिक आधार होना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने 34 पन्नों के फैसले में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के दो करोड़ रुपये के मुआवजे के आदेश को घटाकर 25 लाख कर दिया। अदालत ने कहा कि इतना बड़ा दावा होने पर आयोग का दायित्व था कि वह साक्ष्यों का गंभीर परीक्षण करता और स्पष्ट करता कि वास्तविक नुकसान की गणना किस आधार पर की गई। केवल सामान्य चर्चा या फोटोकॉपी दस्तावेजों के आधार पर इतनी बड़ी राशि तय नहीं की जा सकती। मामला वर्ष 2018 का है। मॉडल और मैनेजमेंट प्रोफेशनल आशना राय दिल्ली के आइटीसी मौर्य होटल के सैलून में हेयरकट के लिए गई थीं। उनका आरोप था कि स्टाइलिस्ट ने अनुरोध से अधिक छोटे बाल काट दिए, जिससे उन्हें मानसिक आघात पहुंचा और उनके पेशेवर छवि को नुकसान हुआ। उन्होंने दावा किया कि इस घटना के कारण उन्हें माडलिंग और फिल्म उद्योग के कई बड़े असाइनमेंट गंवाने पड़े।

# 85 करोड़ की संपत्ति, 2 करोड़ फीस, 50 से ज्यादा फिल्में; फिर 9 करोड़ के लिए तिहाड़ क्यों तिहाड़ गए राजपाल यादव




**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** एक कहावत सुनी है आपने... माया तेरे तीन नामः परसा, परसू, परशुराम, इसका मतलब यही है कि पैसे के खेल में इंसान की हैसियत कैसे बदल जाती है और ये उसी का एक उदाहरण है। पर्दे पर सबको हंसाने वाला सिनेमा का 'छोटा डॉन' अपनी ही तकदीर का दुश्मन बन बैठा। राज कपूर और गुरूदत्त जैसा बनने की चाहत कहें या इसे उस किस्मत का सितम कहे जिसने राजपाल यादव को डायरेक्टर बनने के पंख दिए, लेकिन कर्ज के काले साए तले वो ऐसे डूबे कि सलाखों की दहलीज पर राजपाल पहुंच गए। लेकिन यकीन करना मुश्किल है जो राजपाल यादव एक फिल्म के लिए करोड़ों की फीस लेते हैं, जिन राजपाल के पास करोड़ों की संपत्ति है, क्या वाकई में वो 9 करोड़ के कर्ज तले ऐसे दबे कि उनके पास इतने पैसे नहीं थे। साल 2012 में राजपाल यादव ने फिल्म 'अता पता लापता' को निर्देशित किया था। इस फिल्म के लिए राजपाल यादव ने 5 करोड़ का कर्ज लिया था, जब राजपाल बीते वर्षों में ये कर्ज नहीं चुका पाए तो ये राशि बढ़कर 9 करोड़ तक पहुंच गई। इस राशि को चुकाने की राजपाल ने कोशिश भी की लेकिन जो चेक राजपाल ने दिए वो बाउंस हो गए। इसी के चलते कर्ज देने वाली कंपनी ने राजपाल 7 अलग-अलग मामलों में केस दर्ज कराए जिसके बाद राजपाल ने 5 फरवरी 2026 को खुद सरेंडर कर दिया। अब सवाल ये है कि राजपाल यादव जिस 9 करोड़ की राशि को चुकाने में असफल रहे, आखिर में उनके पास कितनी संपत्ति है? तो इसका जवाब है कि हां, राजपाल यादव के पास इतनी संपत्ति जरूर है, जिसमें वो ये 9 करोड़ की राशि आराम से चुका सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजपाल यादव की कुल संपत्ति करीब 50-85 के करोड़ के बीच है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 163000 | चांदी- | 267500 |
| सिक्का- | 2740 | गिन्नी- | 118665 |

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 12 फरवरी, 2025**

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आूथक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

# खाईखेड़ी मिल के ओवरलोड गन्ना ट्रकों का कहर, ट्रक पलटने से बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा

## - ट्रक पलटने से काफी देर बाधित रहा चरथावल कुटेसरा मार्ग - ड्राइवर ने ट्रक से कूदकर बचाई जान

**चरथावल, 11 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र में ओवरलोड गन्ना वाहनों के कारण होने वाले हादसों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। देर शाम चरथावल पश्चिम खाईखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र से क्षमता से अधिक गन्ना लादकर निकला एक ट्रक कुटेसरा पुल पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के घंटों बीत जाने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक ट्रक को मौके से उठाया नहीं जा सका है, जिससे पुल पर यातायात और राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक के पलटने से ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज बिजली की लाइनें टूटकर गिर गईं। इसके चलते चरथावल कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली घंटों से गुल है। ठंड के मौसम और अंधेरे के कारण हजारों की आबादी परेशान है, लेकिन मिल प्रबंधन की ओर से ट्रक हटवाने की तत्परता नहीं दिखाई गई। सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज एसआई राजेश शर्मा व राहुल गिरि पुलिस टीम के साथ कुटेसरा पुल पर डटे हुए हैं। पुलिस ने शुरूआती राहत कार्य तो शुरू करा दिया है, लेकिन ट्रक न उठने के कारण पूर्ण रूप से रास्ता साफ नहीं हो पाया है। अंधेरे और रास्ते में पड़े ट्रक के कारण राहगीरों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।



### खतौली कांड से भी खाईखेड़ी मिल ने नहीं लिया सबक

**चरथावल, 11 फरवरी (बु.)।** विदित हो कि गत वर्ष खतौली में गन्ना ट्रक पलटने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इसके बावजूद खाईखेड़ी शुगर मिल प्रशासन मानकों के विरुद्ध ओवरलोडिंग कराने से बाज नहीं आ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मिल प्रबंधन की इसी हठधर्मिता के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और सरकारी संपत्ति (बिजली लाइनों) का भारी नुकसान हो रहा है।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे है सवाल

आखिरकार जहाँ गन्ने के ओवरलोड ट्रकों और ट्रालों की चपेट मे आने से अनेकों हादसे हो चुके हैं और अनेकों लोग जान गवा चुके हैं, फिर भी ओवरलोड वाहनों पर रोक न लगना प्रशासन पर सवालिया निशान लगा रहा है और कार्यप्रणाली की बखूबी बयान कर रहा है।

# बांग्लादेश चुनाव: वोटिंग से पहले 48 लाख लोगों ने छोड़ा ढाका

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजधानी ढाका से बड़ी संख्या में लोग अपने गांवों की ओर लौट रहे हैं। मोबाइल ऑपरेटरों के सूत्रों के अनुसार, 9 फरवरी से अब तक करीब 48 लाख मोबाइल फोन सब्सक्राइबर्स ढाका छोड़ चुके हैं। माना जा रहा है कि यह लोग वोट डालने के लिए अपने गृह जिले में जा रहे हैं। गाबतली बस टर्मिनल पर ढाका नॉर्थ सिटी कॉर्पोरेशन के एक अधिकृत टोल कलेक्टर ने बताया कि आमतर पर यहां रोज 1100 से 1200 बसे निकलती हैं, लेकिन पिछले दो दिनों में यह संख्या बढ़कर 2 हजार से 2200 बसें प्रतिदिन हो गई है। सदरघाटल लॉन्च टर्मिनल पर भी भारी भीड़ देखी गई, जहां लोग नावों से गांव लौटते नजर आए। ट्रेनें भी पूरी तरह भरी हुई थीं और कई यात्री छत पर बैठकर सफर करते दिखे। सईदपुर एयरपोर्ट पर जमात के एक नेता के पास से करीब 74 लाख टका बरामद किए गए। सोशल मीडिया पर भी यह दावा किया गयाकि जमात के कुछ नेता अलग-अलग इलाकों में मतदाताओं के बीच नकद पैसा बांटते देखे गए हैं।



# युवक से साइबर ठगों ने 94 हजार रुपए ठगे: सिंकंदरपुर में हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी



**भोपा, 11 फरवरी (बु.)।** नगर के सिंकंदरपुर गांव में एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात साइबर ठगों ने युवक के बैंक खाते से लगभग 94 हजार रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद युवक और उसके परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया से मुलाकात कर मामले की शिकायत दर्ज कराई। उसने ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की। पीड़ित के अनुसार, उसके मोबाइल पर संदिग्ध कॉल या मैसेज आने के बाद खाते से पैसे निकल गए, जिसकी उसे तुरंत जानकारी नहीं मिल पाई। थाना प्रभारी ने पीड़ित को मामले की गंभीरता से जांच कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि साइबर सेल की मदद से ठगी गई रकम का पता लगाकर उसे वापस दिलाने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या ओटीपी को अज्ञात व्यक्ति से साझा करने से बचें और साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी की शादी रुकवाने पहुंचा पति, मारपीट-हंगामा होता रहा, दूसरे पति के साथ कार में चली गई दुल्हन



**शामली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** शामली शहर में बुढ़ाना रोड स्थित धर्मशाला में शादी समारोह में मंगलवार शाम को विदाई के दौरान दुल्हन का पहला पति परिजनों के साथ शादी रुकवाने पहुंच गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की, मारपीट व हंगामा हुआ, जिसमें पहले पति का पिता घायल हो गया। हंगामे के बीच महिला अपने दूसरे पति के साथ कार में चली गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र में बुढ़ाना रोड स्थित धर्मशाला में मंगलवार को एक शादी समारोह चल रहा था। शाम करीब साढ़े पांच बजे विदाई के दौरान मेरठ के न्यू लक्ष्मी नगर निवासी अजय पूनिया अपने माता-पिता के साथ पहुंचा। उसने दुल्हन बनी महिला को अपनी पत्नी बताते हुए तलाक दिए बिना ही दूसरी शादी करने का विरोध किया। इस पर हंगामा हो गया। दोनों पक्षों के बीच धर्मशाला के बाहर सड़क पर मारपीट व धक्कामुक्की हुई। हंगामे के बीच महिला कार में बैठकर दूसरे पति के साथ चली गई। इसके बाद अजय ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। उसने बताया कि उसकी शादी 20 फरवरी 2020 को पूनम मलिक निवासी फुगाना के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे एक पुत्री हुई। अजय का आरोप है कि अनबन के बीच 26 सितंबर 2022 को पत्नी पुत्री को लेकर अपने मायके चली गई थी। इस मामले में न्यायालय में वाद विचाराधीन है और पत्नी से तलाक का फैसला अभी नहीं हुआ है। अजय ने कहा कि मंगलवार को उसे पत्नी की शादी जिला सहारनपुर के नकुड़ क्षेत्र के गांव निठौडी निवासी अचिन पूनिया से शामली में होने की जानकारी मिली तो वह अपने माता-पिता के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि अचिन ने उसके पिता ब्रजमोहन को पत्थर व लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। अजय ने महिला समेत पांच अन्य लोगों को नामजद करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रामपुर जिला पंचायत कार्यालय में वकील की गोली मारकर हत्या, घरवालों ने अस्पताल में की तोड़फोड़



**रामपुर, 11 फरवरी (एजेंसी)।** रामपुर जिला पंचायत कार्यालय में दिनदहाड़े एक वकील की हत्या कर दी गई। वकील की एक बाबू से कहासुनी हुई थी। इसी दौरान गोलियां चलीं। वकील के भतीजे का आरोप है कि बाबू ने गोली मारकर हत्या की है। बाद में अपने बचाव के लिए खुद को घायल कर लिया। मृतक अधिवक्ता का नाम फारुख था, जबकि आरोप जिला पंचायत के बाबू असगर अली पर है। वारदात बुधवार करीब डेढ़ बजे की है। हत्याकांड के बाद वकील के घरवालों ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी में जमकर हंगामा किया। खिड़की के शीशे तोड़ दिए। एसपी विद्यासागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ डीएम अजय कुमार द्विवेदी भी जिला अस्पताल पहुंचे। आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी बाबू को अपनी बोलेरो से ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि नगर कोतवाली नालापार निवासी वकील फारुख (45) की पत्नी गौसिया जिला पंचायत कार्यालय में क्लर्क हैं। यहीं पर थाना पटवई क्षेत्र के मिलक तहव्वर गांव का रहने वाला असगर अली भी बाबू है। आज दोपहर करीब एक बजे गौसिया और बाबू असगर अली के बीच कुछ हॉट टॉक हुई थी। इसी बात को लेकर गौसिया ने अपने पति फारुख को कॉल करके बुला लिया। फारुख सीधे असगर अली के पास उसके केबिन में गए। वहां दोनों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। भतीजा बोला- चाचा को अगसर ने मारी गोली वकील के भतीजे कामरान खान ने बताया- जिला पंचायत कार्यालय में चाची ने चाचा को बुलाया। इसी दौरान बाबू असगर अली की उनसे नोकझोंक हो गई। बाबू असगर ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर चाचा की हत्या कर दी। बाद में खुद को फंसता देख अपने ऊपर भी फायरिंग कर ली। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फारुख जिला कचहरी में करीब 30 साल से प्रैक्टिस कर रहे थे। परिवार में पांच भाई हैं। सभी कारोबारी हैं। फारुख और गौसिया के दो बच्चे हैं। एक बेटा और एक बेटी। दोनों बच्चे शहर के एक स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। फारुख हत्याकांड में हत्यारोपी असगर अली का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह फारुख की हत्या करने के बाद घटनास्थल से निकलते समय अधिवक्ता फारूक की पत्नी को अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से पीटता नजर आ रहा है। यह पूरी घटना जिला पंचायत परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामले में पुलिस ने अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी और कर्मचारी असगर अली के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज किया है। मृतक की घायल पत्नी की तहरीर पर दर्ज एफआईआर में असगर अली पर अधिवक्ता की हत्या करने और नीरज रस्तोगी पर हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है।

# ट्रेड डील में रातोंरात हुए बड़े बदलाव, ट्रंप ने मानी भारत की शर्त

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर जो सहमति बनी है उसमें अमेरिका से दाल आयात करने की कोई बात नहीं है। यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस की तरफ से मंगलवार को देर शाम ट्रेड डील पर जारी संशोधित संक्षिप्त ब्यौरे (फैक्ट शीट्स) से साफ होती है। एक दिन पहले व्हाइट हाउस ने जो फैक्ट शीट्स जारी किया था उसमें दाल का जिक्र था। नये ब्यौरे में यह नहीं है। इसी तरह से पहले व्हाइट हाउस की तरफ से यह दावा किया गया था कि, भारत अमेरिका से अगले पांच वर्षों में 500 अरब डॉलर के उत्पादों की खरीद करने को प्रतिबद्ध है, लेकिन अब यह कहा गया है कि भारत खरीदने का इरादा रखता है यानी कोई बाध्यता नहीं है। ध्यान रहे कि एक दिन पहले जारी फैक्टशीट को लेकर विपक्ष की ओर से सरकार पर हमला किया था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ट्रंप प्रशासन ने जिस तरह से फैक्ट शीट्स को लेकर अपनी भाषा को नरम किया है वह बताता है कि वाशिंगटन इस समझौते को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दों पर अधिक सतर्कता से पेश कर रहा है।

# 2 सिपाहियों ने डेढ़ लाख का आई फोन चुराया

## अपना पुराना मोबाइल रखकर नया जेब में रखा, फिर बोले- पसंद नहीं आया, जा रहे



**जौनपुर, 11 फरवरी (एजेंसी)।** जौनपुर में दो सिपाही चोर निकले। यहां एक मोबाइल शॉप पर दो सिपाही फोन खरीदने पहुंचे थे। बहाने से एक सिपाही ने अपना पुराना आईफोन निकालकर पर रखा और नया आईफोन चुपके से जेब में रख लिया। इसके बाद बोले- मोबाइल पसंद नहीं आया। हम जा रहे हैं। फिर शॉप से निकल गए। कुछ देर बार जब दुकानदार को पता चला तो उसने सीसीटीवी चेक किए, जिसमें सिपाही मोबाइल चुराता दिखा। दुकानदार ने थाने में दोनों सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसपी ने दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामला लाइन बाजार थाना क्षेत्र का है। दरअसल, जेसीज चौराहे पर मोबाइल शोरूम है। शनिवार, 7 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे दो सिपाही पहुंचे। उन्होंने एक महिला स्टाफ से आईफोन दिखाने को कहा। दोनों सिपाही लगभग 20 मिनट तक मोबाइल देखते रहे। इसके बाद वहां से चले गए। दुकानदार शिवम ने बताया- पुलिसकर्मियों ने अपना पुराना आईफोन-13 प्रो रखकर दुकान से आईफोन-15 मैक्स चुरा लिया। चुराए गए मोबाइल की कीमत 1 लाख 62 हजार रुपए है। चोरी का पता चलने पर अपने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा।दुकानदार ने अपने वॉट्सऐप ग्रुप में 200 लोगों को वीडियो भेजा। जिसके बाद पहचान हुई कि ये सिपाही हैं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वीडियो लेकर वह एसपी सिटी से मिला। जिसके बाद कार्रवाई हुई। रविवार को पीड़ित दुकानदार को उसका मोबाइल बरामद करा दिया गया।

# बच्चों के विवाद के चलते परिजनों से मारपीट, तीन पर मुकदमा

**भोपा, 11 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा-थ्रू में बच्चों के बीच हुआ विवाद समझौते के बाद भी हिंसक विवाद में बदल गया, जिसके चलते तीन भाइयों ने गांव के ही दो भाइयों और उनकी पत्नियों से मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया। पीड़ितों ने जान का खतरा बताते हुए भोपा थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव बेहड़ा-थ्रू निवासी सोनू ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि बीते लगभग डेढ़ सप्ताह पूर्व उसके और गांव के ही राधेश्याम के बच्चों में खेलते समय विवाद हो गया था, जिसका गांव के जिम्मेदार लोगों ने समझौता करा दिया था। पीड़ित ने बताया कि समझौता होने के बाद भी राधेश्याम के अंदर बदले की भावना चल रही थी, जिसके चलते वह उसके परिवार से मारपीट की फिराक में लगा हुआ था। बीते मंगलवार की सुबह राधेश्याम ने अपने भाई अंकुर और विक्की के साथ मिलकर उसे और उसकी पत्नी, भाई और भाभी को गांव के कुएं के पास घेर लिया और सभी के साथ जमकर मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आए और उन्हें बचाया, जिसके बाद सोनू भोपा थाने पर पहुंचा और जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## उत्तर प्रदेश सरकार का बजट

**उत्तर प्रदेश के वित्त मन्त्री सुरेश खन्ना ने कल राज्य सरकार का बजट प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट के साथ युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। बजट में करीब डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां देने की घोषणा की गयी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि सरकार महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए कई योजनाएं चला रही है। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और कौशल विकास योजना के जरिए युवाओं को ट्रेनिंग देकर नौकरी दिलाई जा रही है। अब तक 4 लाख से अधिक युवाओं को अलग-अलग कंपनियों में रोजगार दिया जा चुका है। सरकार ने शिक्षा विभाग में भी बड़ी संख्या में भर्तियां की हैं। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 8,966 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसमें प्रवक्ता, सहायक अध्यापक और प्रधानाचार्य शामिल हैं। वहीं 2017 से अब तक सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में 34,074 शिक्षकों की भर्ती की गई है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी विभागों में खाली पदों की समीक्षा की। इसके बाद वर्ष 2026 में करीब डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां देने की मंजूरी दी गई है। ये भर्तियां पुलिस, शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, आवास विकास, कारागार और बाल विकास जैसे विभागों में होंगी। सबसे अधिक भर्तियां पुलिस और शिक्षा विभाग में होंगी। पुलिस विभाग में करीब 50 हजार पदों पर भर्ती होगी। इसमें 30 हजार सिपाही और 5 हजार सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। इसके अलावा 15 हजार अन्य पदों पर भी नियुक्तियां होंगी। शिक्षा विभाग में भी लगभग 50 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें सहायक अध्यापक, प्रवक्ता और प्रधानाचार्य के पद शामिल हैं। राजस्व विभाग में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी, जिनमें अधिकतर लेखपाल के पद होंगे। अन्य विभागों में करीब 30 हजार पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। सरकार का दावा है कि पिछले साढ़े आठ वर्षों में 8.5 लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। 2026 की प्रस्तावित भर्तियों के बाद दस साल में दस लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। सरकार का कहना है कि सभी भर्तियां पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जा रही हैं। फिलहाल कई विभागों में भर्ती के विज्ञापन जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और कुछ जगहों पर प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। सरकार का कहना है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर देने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। बजट के बाद मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि आज साल 2026-27 का यूपी का बजट वित्त मंत्री द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया है। यूपी ने पिछले 9 वर्ष के दौरान अपनी छवि बदलने में सफलता प्राप्त की है। आपने देखा होगा कि 9 साल में तीन गुना से अधिक यूपी का बजट बढ़ा है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह 9 लाख 12 हजार करोड़ का बजट है। अब तक का सबसे बड़ा बजट है और लगातार हर साल बढ़ रहा है। पिछड़े जिलों पर फोकस होगा और नौ साल में हमारा दसवां बजट है। यूपी में कर चोरी और लीकेज को रोककर वित्तीय प्रबंधन से बीमारू राज्य से भारत के विकास का ब्रेकथ्रू राज्य को स्थापित करने में सफलता मिली थी। यह बजट योगी सरकार का इस कार्यकाल का अंतिम बजट है। बजट पर सीएम योगी ने कहा यूपी की प्रगति देश के अग्रणी राज्यों में है, गंगा एक्सप्रेस वे को बिहार तक ले जाने की व्यवस्था की गई है। हर जिले में स्किल डेवलपमेंट के कार्य को बढ़ा सकते हैं, हर जिलों में सीएम कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना होगी। एआई का उपयोग मध्यमिक ही से करेंगे। एआई मिशन, डेटा सेंटर पार्क, ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट सिटी योजनाओं के जरिए यूपी को भविष्य की डिजिटल इकॉनमी से जोड़ने की तैयारी है। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को निवेश व रोजगार का हब बनाया जाए। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में पचास लाख करोड़ रुपये के निवेश आएंगें, ये आप सोच सकते हैं और लोकल स्तर पर तीन करोड़ रोजगार के अवसर विकसित होंगे। इस बजट में भारत जैसे कृषिप्रधान देश में किसानों पर विशेष ध्यान दिया गया है। किसान केवल लाभार्थी नहीं है, किसान विकास का भागीदार है। किसान से उद्यमी बनाने के लिए हमने प्रावधान किया है। अब बेटियों की शादी के लिए 51 हजार की जगह 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। 10 लाख युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। प्रदेश में 60 मेडिकल कॉलेज हैं, 14 नए और खोले जाएंगे। 3 यूनिवर्सिटीज को भी शुरू किया जाएगा। केंद्र की तरह ही राज्य सरकार 7 शहरों को स्मार्ट सिटी डेवलप करेगी। मेधावी छात्राओं को 400 करोड़ रुपए से स्कूटी बांटी जाएंगी। मध्यम वर्ग को घर दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद नयी न्यू रेजीडेंसियल स्कीम लॉन्च करेगी। 34 हजार करोड़ रुपए से नार्थ-ईस्ट कॉरिडोर बनाया जाएगा, जो गोरखपुर से लेकर नेपाल बॉर्डर होते हुए सहारनपुर तक जाएगा। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में अब 2 के बजाय अब 5 रनवे बनेगा। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में बेरोजगारी दर 2.24 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यूपी में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। यूपी में नए डेटा सेंटर बनाए जाएंगे। यूपी में अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। बजट में पिछड़े जिलों को खास तवज्जो दी गई है। बजट के प्रावधान में अवस्थापना और औद्योगिक विकास का दायरा बढ़ाया गया है। गंगा एक्सप्रेसवे को मेरठ और हरिद्वार तक ले जाने के लिए व्यवस्था की गई है। बजट में एक्सप्रेसवे से जुड़े कई बड़े ऐलान किए गए हैं। कामकाजी महिलाओं के लिए जनपद स्तर पर श्रमजीवी छात्रावास बनाने के लिए बजट में राशि रखी गई है। युवाओं के लिए सरकार ने फैसला लिया है कि प्रदेश की हर कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनेगी। बजट पर अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यूपी सरकार के विदाई बजट के साथ भाजपा की भी विदाई तय है। वहीं यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है, उत्तर प्रदेश सरकार का बजट प्रदेश की 25 करोड़ जनता के जीवन को खुशहाल बनाने वाला, विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश बनाने वाला, गरीबों को अमीर बनाने वाला और जनता की जरूरतों के मुताबिक एक अच्छा बजट है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों को सत्ता वियोग का मानसिक रोग हो गया है और वह सत्ता उनको 27 से लेकर 47 तक मिलने वाली नहीं है।**

### चार तीर

सुनील उत्सव

**'बहक' 'मुद्दा' 'सच' 'बकवास'**

मिले जब भी तुम्हें मौका,बहक कर बोलते हो तुम,
न जाने कौन सा मुद्दा, तुम्हारी कुर्सी ले जाए।
न सच से वास्ता कोई, फकत बकवास करते हो,
न जाने कौन सा मुद्दा,तुम्हारी कुर्सी ले जाए।

## बाइकों की भिड़ंत में दोनों घायल

**जानसठ, 11 फरवरी (बु.)।** पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना छपार के गांव सिसौना निवासी मनीष पुत्र सतवीर अपनी बाइक से बुधवार को जानसठ में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। दोपहर बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाते हुए गांव बलीपुर थाना मीरापुर निवासी मोहनवीर पुत्र सुखबीर भी किसी काम से मुजफ्फरनगर बाइक से जा रहा था। दोनों बाइक सवारों की खतौली तिराहे पर आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जिले में वार्षिक निरीक्षण को आएंगे 13 फरवरी को मंडलायुक्त

## - डीएम ने अधीनस्थों को लेकर किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण - कलेक्ट्रेट में बेतरतीब वाहनों को खड़े देख जताई नाराजगी

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** सहारनपुर मंडलायुक्त द्वारा आगामी 13 फरवरी को किए जाने वाले वार्षिक निरीक्षण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को इस दिशा में डीएम उमेश मिश्रा ने एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार के वार्षिक निरीक्षण को लेकर डीएम उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के साथ रिकार्ड रूम, डीएम कोर्ट और भू-अभिलेखों के दस्तावेजों और पत्रावलियों की गहन जांच कर लेने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ उन्होंने न्यायालय में लंबित वादों के समयबद्ध निस्तारण, साफ-सफाई और रिकॉर्ड रूम (बस्ता) के व्यवस्थित रखरखाव पर विशेष फोकस किए जाने की जरुरत पर बल दिया। वहीं जिले में विकास कार्यों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने के लिए बैठकों के माध्यम से सभी पत्रावली को व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। बुधवार को डीएम उमेश मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट के समस्त पटल सहायकों के टेबल पर कार्य विभाजन का आदेश उपलब्ध होना, कार्यालय की प्रत्येक अलमारियों पर पत्रावली/अभिलेखों का विवरण अंकित किया जाना, सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत रजिस्टर एवं पत्रावलियों को अद्यतन रखने, रिकार्ड रूम के रखरखाव, सफाई व्यवस्था के साथ अभिलेखों के सुरक्षित रखने के लिए नियमित कीटनाशक घोल का छिड़काव आदि की व्यवस्था रखने के साथ स्थानीय निकाय लिपिक को जनपद की समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में शासन द्वारा उपलब्ध धनराशि का शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया तथा राजस्व न्यायालयों में 5 वर्ष से अधिक के लम्बित राजस्व वादों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिये गये। डीएम उमेश मिश्रा कलेक्ट्रेट परिसर के निरीक्षण के दौरान उस वक्त काफी नाराज दिखाई दिए, जब रिकार्ड रूम के निरीक्षण के बाद वे वापस अपने कार्यालय की ओर लौट रहे थे। कलेक्ट्रेट में बेतरतीब कार पार्किंग को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट के नाजिर एवं प्रशासनिक अधिकारी को वाहन पार्किंग की व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए।



## बीएसए कार्यालय पर किया शिक्षकों ने प्रदर्शन, जलाई प्रति

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों ने आरटीसी एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टीईटी मुद्दे पर लोकसभा में पूछे गये प्रश्न के जवाब में प्रदेश सरकार के द्वारा टीईटी की अनिवार्यता को शिक्षा के लिए बहुत आवश्यक बताने पर सामूहिक रूप से सरकार के जवाब का कड़ा विरोध करते हुए उक्त प्रदत्त जवाब का पुतला जलाया गया। इस दौरान बीएसए कार्यालय पर मौजूद शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता को वापस लिए जाने की मांग करते हुए यहां जोरदार प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि टीईटी अनिवार्यता वापस न ली गई तो शिक्षक सड़कों पर उतरकर आंदोलन को विवश होंगे।



## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** बुधवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार से जुड़े लोगों ने डीएम दरबार में पहुंच निर्दोष एजेंटों को अनावश्यक रूप से ऐसे झूठे मुकदमे एवं प्रताड़ना से बचाने की गुहार लगाई। एडीएम वित्त के नाम सौंपे ज्ञापन में पीड़ित परिवारों ने जनपद के सभी थानों और चौकी पर बुलाकर उनका उत्पीड़न न किए जाने के आदेश जारी करने की मांग की। पीड़ित परिवारों ने गुहार लगाई कि इस मामले में अन्य जनपदों में ऐसे आदेश जारी किए जा चुके हैं, ऐसे में मुजफ्फरनगर में भी आदेश जारी किए जाएं। बुधवार को डीएम दरबार में पहुंचे जनपद के ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर मदन गौतम, सतीश शर्मा राकेश कुमार, प्रवीण कुमार आदि उक्त परिवारों ने एडीएम राजस्व गजेन्द्र कुमार को सौंपे शिकायती पत्र में एजेंट ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार रजि. 241/2022 दिल्ली सरकार द्वारा प्रार्थना पत्र दिया जा रहा है कि अधिनियम जमा योजना पाबंदी कानून बड्स एक्ट 2019 बनाकर ठग कंपनीज एवं ठग सोसाइटी में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदकों को 180 दिनों में जमा राशि का 2 से 3 गुणा वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। इसके अतिरिक्त एजेंट को जनपद में कतिपय थाना चौकी पर बुलाकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि उक्त मामलों में अन्य जनपदों की भांति जनपद में ऐसा आदेश जारी किया जाए, ताकि जनपद में ऐसे परिवारों को भविष्य में किसी भी तरह अनावश्यक रूप से परेशान न किया जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव मदन सिंह गौतम, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, प्रवीण कुमार, राकेश कुमार समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## देहरादून में गोलीकांड: 42 करोड़ का विवाद; बीच बाजार दिन दहाड़े कारोबारी की हत्या, मां पर भी शक

**देहरादून, 11 फरवरी (एजेंसी)।** डालनवाला थाना क्षेत्र के तिब्बती मार्केट के पास अज्ञात हमलावरों ने कारोबारी अर्जुन शर्मा (42) को गोली मार दी। पुलिस उन्हें गंभीर हालत में दून अस्पताल लेकर पहुंची. जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में रुपयों के लेनदेन का विवाद हत्या की वजह माना जा रहा है। पत्नी की तहरीर पर अर्जुन की मां बीना शर्मा और साथी कारोबारी विनोद उनियाल समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अर्जुन शर्मा जीएमएस रोड स्थित अमरदीप गैस एजेंसी के स्वामी थे। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे कंट्रोल रूम से डालनवाला थाने में तिब्बती मार्केट के बाहर गोली चलने की सूचना मिला थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा तो अर्जुन जमीन पर पड़े थे। उन्हें उठाकर तत्काल दून अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## मैं ठाकुर हूं बोलने वाली आस्था को जवाब-मैं भी ब्राह्मण:बैंक में कहा था- ऐसी-तैसी कर दूंगी; अब पति के सम्मान में पत्नी उतरीं

**कानपुर, 11 फरवरी (एजेंसी)।** कानपुर में ह्यमैं ठाकुर हूं, कहने वाली आस्था सिंह को जवाब मिला है। ये जवाब उसी बैंककर्मी ऋतु त्रिपाठी ने दिया, जिससे उनका विवाद हुआ था। मंगलवार को आस्था सिंह ने वीडियो जारी कर सफाई दी। उन्होंने कहा- सामने वाले ने मेरी जाति पूछी और अभद्रता की थी। तभी मैंने उन्हें जाति बताकर जवाब दिया। मुझे गुस्सा आ गया था। मुझे ठाकुर होने पर गर्व है। वहीं इसके जवाब में ऋतु त्रिपाठी ने कहा- मैं जातिवाद क्यों करूंगी। वो हमसे कहती रहती है कि ठाकुर हूं, मैं ठाकुर... अरे ऐसे ठाकुर को ठोक देना चाहिए। मैं भी उसी बैंक में जॉब करती थी। कभी किसी स्टाफ से मिसबिहैव नहीं हुआ। इन्हें आए हुए सिर्फ 15 दिन हुए और टेबल पर बैठकर ऐसे बात कर रही हैं। एचडीएफ बैंक की पनकी ब्रांच में 6 जनवरी को क्या हुआ? दोनों पक्षों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ? पिछले दो दिनों से आस्था का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह गालियां देती नजर आ रही हैं। वीडियो 6 जनवरी का है। साथ में काम कर रही महिला ऋतु त्रिपाठी रिजाइन देकर रिलिविंग लेटर लेने आई थीं। कैश काउंटर में रहने वालों को कैश टैली कराने के बाद ही रिलीव किया जाता है। 30 दिन का नोटिस पीरियड भी




देना होता है। उनको सेम डे रिलिविंग चाहिए थी। उनके पति और उनका व्यवहार काफी खराब था। घटना वाले दिन ऋतु की ननद ब्रांच आई थी। उनकी ननद से सुबह मेरी हल्की कहासुनी हुई थी। शाम करीब 4.30 बजे उनके पति ब्रांच आए। हमसे बोले कि मैं तुम्हारी हेकड़ी निकाल दूंगा। महिला पुलिसकर्मी बुलाकर तुम्हें जेल भिजवा दूंगा। तुम्हारी पूरी गर्मी निकाल दूंगा। फिर मुझे एक्शन लेना ठीक लगा। मैंने वो किया। उनके पति ने आते ही मुझसे कहा था कि कौन सी जाति की है, जो इतनी अकड़ दिखा रही। अब आप मुझसे जाति पूछेंगे तो जाति ही बताऊंगी। मुझसे मेरा नाम पूछा होता तो मैं नाम बताती। मैं किसी पॉलिटिकल पार्टी से कनेक्शन नहीं रखती। लोगों को मुद्दा चाहिए होता है। लोगों ने मुद्दा बनाया कि मैं ठाकुर हूं। टारगेट किसी और को किया जा रहा है। मिडिएटर मैं बन रही। मैं यह नहीं कह रही कि मैं महिला हूं तो मेरा सपोर्ट करो। मेरा कहना है कि सच को सपोर्ट करो। आप मामले की निष्पक्ष जांच करो। फिर निष्कर्ष पर आओ। आप खुद को कस्टमर बताकर सोचोगे कि सिंपैथी मिल जाएगी। ऐसा नहीं होता। आप किसी भी जाति धर्म के हों। लेकिन पहले मनुष्य हैं। अगर महिला से बात करने की मर्यादा भूल गए हैं तो याद भी महिला ही दिलाएगी।



## ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में 9 से 14 फरवरी तक किड्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बुस.)।** ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल द्वारा नन्हे बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किड्स स्पोर्ट्स गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से 2.5 से 4 वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खेल-खेल में बच्चों की शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हार-जीत नहीं, बल्कि बच्चों का हौसला बढ़ाना है। सभी गतिविधियाँ बच्चों की उम्र और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित मार्गदर्शकों की देखरेख में संपन्न कराई जा रही है। कार्यक्रम में शामिल गतिविधियाँ शटल रन, बीन बैग बैलेंसिंग, हूप क्रॉस, फिटनेस सर्किट, टनल क्रॉसिंग, हर्डल जंप, बैलेंसिंग बीम है। इस कार्यक्रम का समापन 16.02.26 को 2.5 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर किया जाएगा और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र व सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## बुजुर्ग साधु के साथ में मारपीट का आरोपी रिजवान फरार, मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** जिला अस्पताल के बाहर स्थित शौचालय के नजदीक रहने वाले एक बुजुर्ग साधु के साथ मारपीट का मामला सामने आया। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के चलते हिंदुआ संगठनों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी युवकों को जल्द गिरफ्तार की मांग की है। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के जिला अस्पताल के निकट की है जहां पीड़ित ब्रिजेश कुमार पिछले कुछ दिनों से शौचालय की देखरेख का कार्य करता है। ब्रिजेश कुमार का आरोप है कि शौचालय के बाहर फलों की रेहड़ी लगाने वाला रिजवान उसको परेशान करता था जिसने बुधवार को उसके साथ बेवजह मारपीट की और मौके से फरार हो गया। पीड़ित ब्रिजेश को काफी चोट आई जिसके बाद हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। फिलहाल आरोपी रिजवान मौके से फरार है पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



## सेवानिवृत्त दरोगा सहित 5 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** सेवानिवृत्त दरोगा सहित 5 आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विवाहिता के प्रार्थना-पत्र पर एसएसपी के आदेशानुसार रिपोर्ट दर्ज कर शहर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की है। रामलीला टील्ला की रहने वाली विवाहिता मीनाक्षी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी शहर कोतवाली के एकता विहार निवासी पुलिस के सेवानिवृत्त दरोगा यशपाल सिंह के बेटे अमित के साथ की थी। ससुराल वाले बाइक की मांग करते हुए परेशान करते थे। शिकायत करने पर उससे सास-ससुर उसकी सुनते नहीं थे। विवाहिता ने इस दौरान अपने ससुर पर भी गंभीर आरोप लगाए। उत्पीड़न सहते हुए भी उसके अपने परिजनों से बाइक खरीदवाकर ससुराल वालों को दी। वह अप्रैल-2025 से मायके में रहती है। पति, ससुर, सास ब्रजबाला सहित पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर कोतवाली पुलिस का कहना है कि एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चोरी के दो मोबाइल, आधार कार्ड बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने पुरानी घास मंडी में दुकान में चोरी करने के आरोपी मिमलाना रोड कलीम कॉलोनी निवासी साहिब उर्फ बिरजू को गिरफ्तार किया। आरोपी से चोरी के दो मोबाइल फोन व दुकानदार का आधार कार्ड, पर्स बरामद हुआ। एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा ने बताया कि एक जनवरी की रात में रामपुरी निवासी शादाब की ड्राई फ्रूट की दुकान में ताले तोड़ कर चोरी हुई थी। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी नशा करता है। उसके खिलाफ अब से पहले शहर कोतवाली में शराब, सिविल लाइन थाने में अवैध शस्त्र बरामदगी का मामला दर्ज है। माल रोड से गिरफ्तार कर पुलिस ने उसका चालान कर दिया।




## ट्रेड यूनियनों ने आज भारत बंद का ऐलान किया

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** ट्रेड यूनियनों ने कल 12 फरवरी को देशभर में भारत बंद का आह्वान किया है, जिससे कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। किसान संगठनों और 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने इस हड़ताल का ऐलान किया है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण बिजली, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, स्वास्थ्य, गैस और जलापूर्ति से जुड़ी सेवाएं देशभर में प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल में विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 30 करोड़ वर्कर्स के शामिल होने की संभावना है।

## दो बाइकों की टक्कर में बाइक चालक पति, पत्नी और बच्चे घायल

**जानसठ, 11 फरवरी (बु.)।** जानसठ-खतौली मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की टक्कर में बाइक चालक व महिला और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से पति-पत्नी को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बुधवार की शाम को 32 वर्षीय सुमित पुत्र प्रमोद अपनी पत्नी 30 वर्षीय मीनाक्षी ओर अपने दो बच्चों 10 वर्षीय कृष्ण कुमार व आठ वर्षीय तनवी निवासीगण बुढ़ाना के साथ बाइक द्वारा जानसठ की





और से अपने घर जा रहा था। खतौली की ओर से अज्ञात बाइक चालक जानसठ की ओर जा रहा था। जैसे ही यह लोग खतौली-जानसठ मार्ग पर गांव मकसूदाबाद के सामने पहुंचे, तो दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से मीनाक्षी, सुमित, कृष्ण, तनवी गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे बाइक चालक को भी मामूली चोटें आई। वह टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। बाइकों की टक्कर होने से मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ में से किसी ने एक्सीडेंट होने की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से सुमित और मीनाक्षी इन दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए इन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना की अभी तक तहरीर नहीं आई है।

## अवैध हथियारों के साथ पकड़ा

**सिखेड़ा, 11 फरवरी (बु.)।** पुलिस ने गश्त के दौरान गांव निराना से भिक्की मार्ग पर रजवाहा की पटरी से आरोपित सोनू पाल पुत्र रामकुमार निवासी गांव भिक्की को दो तमंचे व कारतूस, गांव बेहड़ा आस्सा की ओर जाने वाले रास्ते से आरोपित आशीष उर्फ सागर पुत्र विजयपाल निवासी गांव भिक्की को मस्कट व दो कारतूस व साजिद के भट्टे से भिक्की की तरफ जाने वाले रास्ते पर शमशान घाट के पास से आरोपित विजयपाल उर्फ बिट्टू पुत्र सतपाल सिंह निवासी गांव भिक्की को एक बंदूक, 14 कारतूस सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

**खोया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे दो बैनामे जो मकान नम्बरी 43/1, स्थित मौहल्ला पचदरा सादात (अबुपुरा) मुजफ्फरनगर के थे जिनकी रजिस्ट्री दिनांक 29/11/1994 ई0 को बही नम्बर 1 की जिल्द 387 के पृष्ठ 15-28 पर क्रमांक 4119 पर दिनांक 28/12/1994 ई0 व दिनांक 29/11/1994 ई0 को बही नम्बर 1 की जिल्द 387 के पृष्ठ 29-42 पर क्रमांक 4120 पर दिनांक 28/12/1994 ई0 पर कार्यालय उप निबन्धक मुजफ्फरनगर में दर्ज है। आज दिनांक 11/02/2026 को भगत सिंह रोड पर गिर गये हैं जो काफी तलाश करने पर भी नही मिले। किसी अन्य के द्वारा इनका उपयोग अवैध होगा।

रवि अग्रवाल पुत्र स्व. श्री विष्णु प्रसाद निवासी
43/1, पचदरा सादात, अबुपुरा, मुजफ्फरनगर
मो0 9412212073

## शाहपुर पुलिस साइबर सैल ने तीन दिन के भीतर ठगी के 71000 रुपये वापस कराये

**शाहपुर, 11 फरवरी (बु.)।** थाना शाहपुर के प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में गठित साइबर सैल टीम ने तत्परता दिखाते हुए साइबर फ्रॉड के एक मामले में महज तीन दिन के भीतर पीड़ित की पूरी धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। 08 फरवरी को थाना शाहपुर पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता सलेक चंद निवासी शाहपुर ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके बैंक खाते से 71,730 रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए हैं। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना शाहपुर की साइबर सैल टीम ने तुरंत तकनीकी जांच शुरू की। टीम ने संबंधित बैंक और अन्य माध्यमों से समन्वय स्थापित कर धनराशि को ट्रैक किया। साइबर सैल की कार्रवाई के चलते मात्र तीन दिवस के भीतर ही पीड़ित सलेक चंद के खाते में 71,730 रुपये की पूरी धनराशि वापस करा दी गई। अपनी मेहनत से साइबर सैल टीम ने यह साबित कर दिया कि समय पर शिकायत दर्ज कराने और पुलिस की सक्रियता से साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि सुरक्षित कराई जा सके।



## अग्रसेन पार्क के बंद होने से बच्चे हुए मायूस

**बुढ़ाना, 11 फरवरी (बु.)।** कस्बा बुढ़ाना की टीचर्स कालोनी में स्थित अग्रसेन पार्क बीती 02 फरवरी से बन्द करा दिया गया है। इस पार्क में इसी कालोनी के सभी बच्चे, बूढ़े, बुजुर्ग और महिलाएं कुछ समय के लिए सुबह और शाम रोजाना घूमने के लिए आते थे। इस संबंध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड नगर ईकाई बुढाना के संरक्षक सुरेन्द सिघल, बुढ़ाना नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल और महामंत्री राजीव कुमार आदि पदाधिकारियों ने बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव से उक्त पार्क को बच्चों के खेलने के लिए खोला जाये, ताकि बच्चों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े।

## पटवारी ने एक पक्ष का अवैध कार्य कराया शुरू

## - दबंगों ने पुलिस से किया हाथापाई का प्रयास

**बुढ़ाना, 11 फरवरी (बु.)।** सहारनपुर कमिश्नरी कोर्ट में विचाराधीन जमीन के एक मामले में हल्का पटवारी ने एक पक्ष का काम अवैध रुप से चालू करवा दिया। दूसरे पक्ष को जब इस बात की खबर हुई, और उसने इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। आरोपी पक्ष ने इस दौरान एक पुलिसकर्मी पर हमला करने का प्रयास किया, जिसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन ने प्रशासन को खुली चेतावनी दी है कि प्रशासन के इस तरह के अवैध कार्य बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। भाकियू नेता इस मामले में बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव से भी मिले, जिन्होंने पटवारी की कारगुजारी बताई। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर दभेड़ी गांव निवासी इस्लाम की भूमि खसरा नंबर 562 बुढ़ाना वाया खतौली मार्ग पर गांव रसूलपुर दभेड़ी में है, जिसमें उसका रकबा 410 मीटर है, जबकि उसके पड़ोसी आसिफ का रकबा 205 मीटर है। उक्त भूमि की बाबत एक वाद एसडीएम कोर्ट से सम्पन्न होने के बाद अब कमिश्नरी सहारनपुर में मामला विचाराधीन है। बुधवार की दोपहर पड़ोसी तैय्यब आदि ने इस्लाम के हिस्से की भूमि को अपनी बताते हुए अवैध निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया, तो इस्लाम पक्ष ने इस बात का विरोध किया, मगर तैय्यब पक्ष के लोगों ने इस्लाम व उसके पक्ष के लोगों को मौके से खदेड़कर भगा दिया। आरोप के मुताबिक हल्का पटवारी ने तैय्यब से एक मोटी रकम लेकर गलत निशानदेही करते हुए उक्त भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करवाकर दोनों पक्षों में तनाव पैदा करने का पूरा प्रयास किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो आरोपियों ने पुलिस से भी हाथापाई करने का प्रयास किया, जिसका वीडियो भी वायरल हो गया। जैसे ही इसकी सूचना भाकियू नेताओं को लगी, तो वे तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव के पास पहुंचे और उनको पटवारी की करगुजारी के बारे में बताया, तो उन्होंने मौके पर नायब तहसीलदार को भेजकर काम रुकवा दिया है। फिलहाल दोनों पक्षों में उक्त भूमि को लेकर तनाव बना है।



**कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर**

संख्या 600/नाजिर सदर-प्रदर्शनी

**निविदा सूचना**

दिनांक 10/02/2026

जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 07/02/2026 के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले मंगल पैंठ बाजार का ठेका वित्तीय वर्ष 2026-27 (01/04/2026 से 31/03/2027 तक) के लिये निर्धारित शर्तों के अधीन केवल ऑफलाईन टैण्डर प्रक्रिया द्वारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 27/02/2026 को अपराह्न 02 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार मुजफ्फरनगर में छोड़ा जाना है। टैण्डर डालने हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गये अंकन 50 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण-पत्र, प्रस्तुत करना होगा। मंगल पैंठ बाजार ठेके के लिए मोहरबन्द टैण्डर आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक ठेकेदार अपने टैण्डर 27/02/2026 को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 01 बजे से 02 बजे अपराह्न तक डाल सकते है। टैण्डर उसी दिन 02 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में खोले जायेंगे। टैण्डर की जमानत धनराशि को केवल एफ0डी0/बैंक गांरटी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर के नाम pledged (गिरवी) करनी होंगी। टैण्डर की अन्य विस्तृत शर्तें डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती है। टैण्डर सम्बंधी शर्तें एवं टैण्डर फार्म दिनांक 27/02/2026 दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस/समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर /कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से टैण्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। टैण्डर का ठेका/बोली पूरे वित्तीय वर्ष 2026-27 (01/04/2026 से 31/03/2027 तक) के लिये बोली जायेगी। टैण्डर विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0 स0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टैण्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार मंगल पैंठ बाजार का ठेका | पन्द्रह लाख रूपये मात्र | 15,000/- |

नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी
डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी
मुजफ्फरनगर

# कहां गयी मां की ममता ?, सड़क पर पड़े नवजात को नोंचते मिले कुत्ते

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)। अपने अनैतिक कार्य को छुपाने के लिए कुछ माएं न जाने अपनी ममता कहां खो बैठती हैं! लोक-लिहाज का डर कहिए या फिर किसी और तरह का भय अब बिन ब्याही माओं को सताने लगा है। शाहबुद्दीनपुर रोड उत्तरी रामपुरी में इसकी पोल तब खुली जब एक नवजात के शव को सड़क पर कुत्ते नोचते मिले। इसकी सूचना लोगों ने बुलेटिन को दी तो बुलेटिन ने तुरन्त समाचार सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया, जिसके बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गयी और तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए। गौ सेवा करने वाले नीशू गौ सेवक को जब इस घटना की जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचा और पोस्टमार्टम के लिए बच्चे के शव को गोद में ले लिया। इसके बाद बच्चे के शव को पोस्टमार्टम गृह पर उसका डीएनए टेस्ट कराने के लिए रखा गया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि डीएनए की जांच के आधार पर वे यह अंदाजा लगा सकते हैं कि कुछ माह पूर्व क्षेत्र में कौन महिला गर्भवती थी और अब उसके पास बच्चा नहीं है। इसी आधार पर वह मां पकड़ में आ सकती है, जिसने इस बच्चे को जन्म देकर कूड़े के घेर पर जीवित या मृत फेंक दिया। आपको बता दें कि रुड़की रोड पर इससे पहले भी एक मामला सामने आया था, जिसमें एक हॉस्पिटल के नाम की पर्ची भी बच्चे के शव के साथ मिली थी। अब देखना यह होगा कि उक्त बच्चे की मां की पहचान हो पाती है अथवा नहीं। फिलहाल तो यह कार्य मुश्किल ही लग रहा है, क्योंकि कुछ दिन बाद इस घटना को खुद जांच करने वाले ही भूल जाएंगे।**





# प्रदूषण बोर्ड की टीम ने 6 इंगट फैक्ट्रियां की सील

## विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के बीच बुधवार को बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में धातु गलन इंगट इकाइयों पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने बड़ी छापेमारी की। इस बीच तय मापदंडों पर खरा न उतरने व वायु प्रदूषण फैलाने के आरोपों में 6 इकाईयों को सील कर दिया गया। इसके साथ ही इन इकाईयों पर पीसीबी अधिकारियों ने बंदी आदेश भी चस्पा कर दिया। टीम की उक्त सख्त कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हड़कंप सा मच गया और अन्य इकाइयों में अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दिया।

बुधवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता राजा गुप्ता के नेतृत्व में प्रदूषण विभाग की गठित टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में इकाईयों पर छापा मारा। टीम ने इस दौरान श्री मेटल, एनआर मेटल, आरके मेटल, प्रिंस मेटल व तालिब मेटल, ताज मेटल नामक इकाइयों की जांच करने में पाया गया कि इन इकाइयों द्वारा केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के निर्देशों के अनुरूप यहां चिमनियों से निकलने वाले धुएं की निगरानी के लिए अनिवार्य ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली स्थापित नहीं की गई थी या उसे बोर्ड के सर्वर से नहीं जोड़ा गया था। टीम द्वारा की गई कार्रवाई से क्षेत्र में पूरे दिन हड़कंप सा मचा रहा।प्रदूषण विभाग के सहायक अभियंता कुंवर संतोष ने बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बीते 5 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में संचालित वायु प्रदूषणकारी उद्योगों में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए थे। यह निर्देश वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 18(1)(बी) के तहत राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दिए गए थे। उन्होंने बताया कि इसके अनुपालन में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ऐसे उद्योगों को आदेशित किया था कि वे चिमनी उत्सर्जन निगरानी के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला से प्रमाणित प्रणाली स्थापित करें। इसके साथ परिसर की निगरानी हेतु पैन-टिल्ट-जूम कैमरा लगाकर उसे भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वर से जोड़ना अनिवार्य किया गया था, ताकि उत्सर्जन की वास्तविक समय में निगरानी की जा सके। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी 2026 को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्थलीय निरीक्षण के उपरांत नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाईयों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। बुधवार को डीएम द्वारा गठित की गई समिति ने बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान जिस इकाई में उत्सर्जन नियंत्रण यंत्र बंद पाए गए या मानकों का पालन नहीं किया गया था, उनके प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों को बंद कराते हुए इकाइयों को सील कर दिया। साथ ही उक्त इकाईयों के मुख्य द्वार पर वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 31ए के तहत बंदी आदेश चस्पा कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक संबंधित इकाईयां तय मानकों के अनुरूप ऑनलाइन निगरानी प्रणाली को स्थापित करते हुए उसे बोर्ड के सर्वर से नहीं जोड़ेंगी एवं उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण सुचारू रूप से संचालित नहीं होगी, तब तक सील नहीं खोली जाएगी।





## इन लोगों ने दी बजट पर अपनी खास राय....

### प्रदेश के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा बजटः अनिल कुमार



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** ह बजट 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में एक निर्णायक कदम है। गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा एवं वंचित वर्गों के समग्र उत्थान को समर्पित यह बजट विकास को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दर्शाता है। पिछले 9 वर्षों में बिना किसी अतिरिक्त कर के प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रतिव्यक्ति आय दो गुनी से अधिक हुई, सुरक्षा व सुशासन सुदृढ़ हुए और इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक कार्य हुए। गन्ना किसानों के लिए 30 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य वृद्धि का निर्णय उनकी आर्थिक सशक्तता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह बजट जन-विश्वास, जन-आकांक्षाओं और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की मजबूत आधारशिला है।

### रियल स्टेट को सपोर्ट मिलेगा : सुनील गोयल एमडी न्यू मैक्स



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** न्यू मैक्स के एमडी सुनील गोयल ने कहा कि बजट में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास और हाउसिंग पर जोर रखा है, जिससे रियल स्टेट को सपोर्ट मिलेगा। सरकार के विजन के अनुरूप न्यूमैक्स टाउनशिप अपने ग्रहकों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देगी। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है। बजट में भविष्य की नीव रखने के लिए योगी सरकार का धन्यवाद।

### उद्योगों को प्रोत्साहन से बढ़ेंगे रोजगार के अवसरः सतीश गोयल



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** प्रमुख उद्यमी सतीश गोयल ने कहा कि योगी सरकार के बजट में सभी वर्गों के लिए योजनाओं को शामिल किया गया है। एमएसएमई और छोटे उद्योगों के विकास से रोजगार बढ़ेगा और विकास होगा। सतीश गोयल ने कहा कि किसान, आम आदमी, युवा और मजदूर के साथ उद्योग जगत को भी सरकार ने काफी कुछ देने का प्रयास किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ेगा तो इससे विकास के रास्ते खुलेंगे। उद्योग मजबूत होंगे और रोजगार के नए माध्यम खुलेंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगों को अनावश्यक ाटों से बचाकर फलने फूलने देने की व्यवस्था पर सरकार को नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बजट का नजरिया विकास है और इससे प्रदेश में तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

### सिंगल विंडो सिस्टम प्रभावी ढंग से लागू होः भीम कंसल



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** प्रमुख उद्यमी भीम कंसल का कहना है कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 35 हजार करोड़ से औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना स्वागत योग्य है। सरकार को यह व्यवस्था करनी होगी कि उद्योग लगाने या उसके संचालन में बाधाएं ना आएं। भीम कंसल ने कहा कि उद्योगों का विकास रोजगार सृजन के लिए बेहद जरूरी है। एक उद्योग लगता है तो उससे सैंकड़ों लोगों को रोजगार मिलता है। ऐसे में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना स्वागत योग्य है। सरकार को उद्योगों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी ढंग से लागू कराना होगा ताकि लाइसेंस, बिजली या लेबर आदि के लिए उद्यमी को जहां तहां भटकना ना पड़े। आवेदन को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाना बेहद जरूरी है। विभाग इसका उल्लंघन करें तो लाइसेंस स्वयं स्वीकृत माना जाए।

### बजट में शिक्षा, स्वास्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीकी और रोजगार सृजन पर जोर : विपुल भटनागगर



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** अब बजट में सरकार मंझोले, लघु व मध्यम उद्योगों के उत्थान व आज के परिवेश में देश व प्रदेश के समग्र विकास में एमएसएमई की भागीदारी मानने लगी है। उनके लिए नई योजनाओं का प्रावधान करने लगी है, ये सराहनीय है, परन्तु नियमों का सरलीकरण व इनका धरातल पर समयबद्ध क्रियान्वयन बहुत आवश्यक है। इस बार बजट में शिक्षा स्वास्थ इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीकी और रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है, जो स्वागत योग्य है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व कौशल विकास में किए प्रावधान अनुसंधान में सहायक होने और नए रोजगार सृजन करेंगे । जमीनी स्तर पर ये योजनाएं क्रियान्वित हुई, तो आमजन को लाभ होगा ।

### जमीनी स्तर पर योजनाएं क्रियान्वित हुई, आमजन लाभान्वित होगा : शलभ गुप्ता



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** बजट 2026-27 में सरकार मंझोले, लघु व मध्यम उद्योगों के उत्थान व आज के परिवेश में देश-प्रदेश के समग्र विकास में एमएसएमई की भागीदारी मानने लगी है। उनके लिए नई योजनाओं का प्रावधान करने लगी है, ये सराहनीय है। 3822 करोड़ के लगभग एमएसएमई का बजट रखना सराहनीय प्रयास है, परन्तु योजनाओं का धरातल पर समयबद्ध से क्रियान्वयन बहुत आवश्यक है, जिससे ज्यादा से ज्यादा व्यापारी लाभान्वित हो सके। इस बार बजट में शिक्षा, स्वास्थ इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीकी और रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है जो सराहनीय है। जमीनी स्तर पर ये योजनाएं क्रियान्वित हुई, तो इससे आमजन लाभान्वित होगा।

### किसान की आमदनी बढ़ाने के बजाय सरकार उसे कर्ज के मकड़जाल में उलझा रही हैः भारतीय किसान यूनियन

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन ने कहा है कि सरकार के दावे के विपरीत जमीनी हकीकत यह है कि इसमें कृषि क्षेत्र को हाशिए पर डाल दिया गया। किसानों को उम्मीद थी कि खाद, बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के साथ ही कृषि यंत्रों की खरीद फरोख्त पर सरकार राहत देने का काम करेगी लेकिन बजट में निराशा ही हाथ लगी। भाकियू का कहना है कि किसान की आमदनी बढ़ाने के बजाय सरकार उसे कर्ज के मकड़जाल में उलझा रही है। भाकियू की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बजट में दावे किए गए हैं कि यूपी की प्रति व्यक्ति आय तेजी से बढ़ी है लेकिन किसानों की आय लगातार घटना इस बात का प्रमाण है कि ये आंकड़े झूठ का पुलिंदा हैं। गरीब महिलाओं के लिए सिर्फ शादी के अनुदान की राशि बढ़ाकर महिलाओं के कल्याण की घोषणा चुनावी वादा ज्यादा लग रही है। गन्ना सीजन में तीन साल के कार्यकाल में सरकार ने मात्र 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि कर किसान हितैषी होने का ढोल पीट रही है इससे किसानों का भला होने वाला नहीं है।

### कृषि बजट में वृद्धि अच्छा कदमः धर्मेंद्र मलिक



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि बजट में वृद्धि करना अच्छा कदम है। उन्होंने बजट में मुफ्त बिजली योजना को जारी रखने के लिए सरकार का आभार जताया। भाकियू-अ प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बजट में उल्लेखनीय वृद्धि हुए है। उत्तर प्रदेश के किसानों ने उत्पादन में इतिहास रचा है। सरकार ने कृषि के बजट में वृद्धि करते हुए मुफ्त बिजली योजना को जारी रखा है। बजट में वृद्धि के लिए सरकार का धन्यवाद करते हुए मांग करते है कि प्रदेश में सिंचाई परियोजना, उन्नत बीज, कृषि यंत्रों की छूट में वृद्धि, पशुपालन के लिए अधिक खर्च करना चाहिए ।

### गाारंटी रहित व ब्याज मुक्त त्रण उपलब्ध कराना रोजगार को प्रोत्साहित करेगा : प्रो. सुषमा सैनी



**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 9, 12, 696 करोड़ रुपये का बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत किया है। यह यूपी सरकार का अभी तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए स्कूटी योजना तथा कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल प्रदान करने वाली है। युवा, उद्यमी, सूक्ष्म, उद्यम स्थापित करने के लिए युवाओं को गारंटी रहित व ब्याज मुक्त त्रण उपलब्ध कराना रोजगार को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही कृषि योजनाओं के लिए बजट में 11 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। यूपी के किसानों के उत्पादों की निर्यात व्यवस्था तथा विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अन्तर्गत वेयर हाउस व गोदाम बनाने का प्रावधान किया गया है। बजट में अवस्थापना व औद्योगिक विकास बढ़ाने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे को मेरठ और हरिद्वार तक ले जाने का प्रावधान किया गया है। यह बजट 'रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ' की गारंटी है, जिसके द्वारा यूपी में निवेशकों के लिए सुरक्षित वातावरण व एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होंगे।

### अखिलेश यादव बोले- बजट निराशाजनक रहा



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह बजट निराशाजनक रहा। हमने पुलिस के लिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए, उन्हें इन्होंने बर्बाद कर दिया। हेल्थ को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए हैं, लेकिन हेल्थ सेक्टर कहां पहुंच गया है, यह सबको पता है। मेडिकल कॉलेज से लेकर सीएचसी, पीएचसी तक की हालत खराब है। इनकी मंशा है कि सरकारी स्वास्थ्य विभाग ठप पड़ जाए, ताकि लोग प्राइवेट में इलाज करवाने जाएं। कई जिलों में गलत दवाएं दी गईं, बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। फूड एडल्टरेशन में हम नंबर वन हैं। अखिलेश यादव ने कहा, सपा का मानना है कि जो भी हॉस्पिटल पहुंचे, उसका इलाज फ्री में हो। बीजेपी तो पिछले 10 सालों से कैंसर इंस्टीट्यूट तक नहीं चला पाई है। इन्हें हटाने के लिए किसानों को एकजुट होना पड़ेगा, क्योंकि किसानों को भी इस बजट में कुछ नहीं मिला है। हमने कन्नौज में काऊ मिल्क प्लांट लगाया था, उसे बंद कर दिया और बेच दिया।

# अन्नदाता को बनाया जाएगा उद्यमी

**लखनऊ, 11 फरवरी (बु.)।** अन्नदाता किसान देश की अर्थव्यवस्था ओर उसके विकास की धुरी हैं। अन्नदाता केवल लाभार्थी नहीं विकास का आधार हैं। अन्नदाता से उन्हें उद्यमी बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बजट में इसका प्रावधान है। हम ट्यूबवेलों को फ्री बिजली दे रहे हैं। किसान को कुसुम योजना का भी लाभ दिलाएंगे। गन्ना के साथ दलहनी और तिलहनी यानी सहफसली खेती की ओर आगे बढ़ेंगे। इससे और लाभ होगा। इसके लिए हमने बजट में प्रावधान किया है। सीएम योगी ने कहा- हर व्यक्ति सुरक्षा की गारंटी चाहता है, आज यूपी उसे गारंटी दे रहा है। सुरक्षा के साथ त्वरित न्याय व्यवस्था है, यह नागरिकों और निवेशकों को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण देता है। क्या कोई सोच सकता था कि यूपी में 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश के आवेदन आएंगे। लेकिन आज यूपी में संभव हो रहा है। ये बजट इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को फोकस करते हुए पेश किया गया है 2017 में सुरक्षा का वातावरण नहीं था, यूपी का परसेप्शन दुनिया में खराब था। कोई सुरक्षा नहीं थी इसलिए कोई भी आता नहीं था। लेकिन पिछले एक साल में 121 करोड़ पर्यटक यूपी के अलग-अलग धार्मिक स्थलों में आए। बजट में विशेष रूप से कृषि विभाग के अंतर्गत डीजल पंप सेट को सोलर पंप में परिवर्तित करने की महत्वाकांक्षी योजना के लिए 637.84 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों की डीजल पर निर्भरता कम होगी, लागत घटेगी और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम कृषि क्षेत्र में हरित ऊर्जा संक्रमण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट को विकसित करने की योजना बनाई है। एआई के प्रयोग की घोषणा की गई है। अन्न भंडारण क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है। बड़े-बड़े गोदाम बनें, इसके लिए सब्सिडी देंगे। पशुओं के स्वास्थ्य के लिए बीमा होगा। बीमा राशि का 50 फीसदी तक प्रीमियम सरकार देगी। बजट की थीम कहूं तो यह सुरक्षित नारी, सक्षम युवा, खुशहाल किसान और हर हाथ को काम है। आज यूपी तकनीक से समृद्ध हो रहा है। 43,565 करोड़ रुपए की धनराशि नई योजनाओं के लिए प्रस्तावित है। 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च नए निर्माण पर खर्च कर रहे हैं। यहीं से रोजगार और विकास की गति मिलती है। ये हमारी सरकार का 10वां बजट है। यह पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री को 10वीं बार बजट पेश करने का मौका मिला हो। इन 9 सालों में एक भी अतिरिक्त टैक्स नहीं लगाया गया है। यूपी में जो कर चोरी की शिकायतें थीं, उसे रोका गया। बीमारू राज्य से निकालकर देश के सामने रेवेन्यू प्लस राज्य के रूप में प्रस्तुत करने में सफलता प्राप्त की है।

## राजकोषीय घाटा 3 प्रतिशत की सीमा में

लखनऊ। 16वें केन्दीय वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जो वर्ष 2030-31 तक लागू रहेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि वह राजकोषीय अनुशासन से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 1,18,480.59 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो राज्य के अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 2.98 प्रतिशत है। यह 3 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के भीतर है और वित्तीय अनुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समग्र परिप्रेक्ष्य में, बजट 2026-27 में एक ओर जहां विकासोन्मुख नई योजनाओं का विस्तार है, वहीं दूसरी ओर राजस्व बचत और नियंत्रित राजकोषीय घाटे के माध्यम से वित्तीय स्थिरता बनाए रखने का स्पष्ट प्रयास किया गया है।

## "नव निर्माण के नौ वर्ष" की थीम पर बजट में शिक्षा-स्वास्थ्य और कृषि पर विशेष फोकस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा पेश योगी सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का थीम "नव निर्माण के नौ वर्ष" रखा गया। बजट 2026-27 का कुल आकार 9,12,696.35 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। आकार के लिहाज से योगी सरकार ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को बताया कि यह बजट राज्य की बढ़ती आर्थिक क्षमता, निवेश के अनुकूल माहौल और सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन का परिणाम है। यह बजट न केवल राज्य की आर्थिक मजबूती को दर्शाता है, बल्कि दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और सतत विकास की स्पष्ट रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है। बजट 2026-27 सरकार की उस सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें विकास, वित्तीय अनुशासन और भविष्य की तैयारी तीनों को समान महत्व दिया गया है। इस बजट में अन्नदाता किसान, युवा, महिला, छात्र-छात्राओं समेत हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में 19.5 प्रतिशत पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है, जो आधारभूत ढांचे, औद्योगिक विकास, सड़क, ऊर्जा और शहरी-ग्रामीण अधोसंरचना को नई गति देगा। पूंजीगत निवेश से रोजगार सृजन होगा और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। योगी सरकार ने सामाजिक क्षेत्रों को बजट में प्रमुख स्थान दिया है। इसके अंतर्गत शिक्षा के लिए कुल बजट का 12.4 प्रतिशत, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के लिए 6 प्रतिशत और कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं के लिए 9 प्रतिशत का आवंटन किया गया है। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार मानव संसाधन विकास और किसानों की आय बढ़ाने को विकास की धुरी मानकर चल रही है।

## सीबीएसई 12वीं की एक करोड़ कॉपियां डिजिटली चेक होंगी

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** इस बार सीबीएसई 12वीं के 17 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की कॉपियां ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से जांची जाएंगी। मतलब ये कि इन्हें डिजिटल तरीके से जांचा जाएगा। सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक होनी है। इसके लिए हर छात्र की सभी आंसर शीट्स (उत्तरपुस्तिका) के हर पन्ने को परीक्षा केंद्र में ही स्कैन करके कंप्यूटर सिस्टम में अपलोड किया जाएगा। करीब 1 करोड़ कॉपियों के लगभग 32 करोड़ पन्ने स्कैन करके अपलोड होंगे। परीक्षक इन डिजिटल कॉपियों की जांच करके ही नंबर देंगे। 10वीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की चेकिंग पहले की तरह कागज पर ही होगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के मुताबिक इस नई व्यवस्था से उत्तर पुस्तिकाओं के ट्रांसपोर्ट में लगने वाला समय और खर्च बचेगा। शिक्षक अपने स्कूल में रहते हुए ही मूल्यांकन कर सकेंगे, बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, तेज और गलतीरहित बनाने के मकसद से बोर्ड ने यह प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

# वृंदावन में उद्घाटन से पहले ही जल उठा होटल, तीन बच्चे झुलसे

**मथुरा, 11 फरवरी (एजेंसी)।** वृंदावन के रुक्मिणी विहार स्थित नवनिर्मित होटल सिद्धि विनायक में बुधवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया, जब होटल के उद्घाटन से पहले पूजन के बाद भीषण आग लग गई। अग्निकांड में दो किशोर सहित तीन लोग झुलस गए, जबकि एक महिला चोटिल हो गई। दमकल की सात गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। होटल में फंसे लोगों को क्रेन से रेस्क्यू कर निकाला। डीएम ने होटल की जांच के आदेश दिए हैं। रुक्मिणी विहार के सेक्टर 1 स्थित होटल सिद्धि विनायक का बुधवार शाम को उद्घाटन समारोह था। होटल स्वामी ने परिवार के लोगों के साथ पूजन किया। होटल मालिक राया निवासी सुभाष अग्रवाल और उनके परिवार एवं रिश्तेदार पूजन में शामिल थे। होटल में पूजन करने के कुछ ही समय बाद अचानक भूमितल के सामने के हिस्से में आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग की लपटें तीसरी मंजिल तक पहुंच गईं। भीषण आग को देख चीख पुकार मच गई। जिस समय आग लगी उस समय पूजन के बाद कुछ लोग होटल में आराम कर रहे थे। बच्चे दूसरी मंजिल पर खेल रहे थे। होटल मालिक की सूचना पर पहुंची दमकल की सात गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं होटल में फंसे लोगों को छत के रास्ते होटल के पीछे की तरफ से क्रेन से रेस्क्यू कर नीचे उतारा। हादसे में होटल मालिक के भांजे का लड़का मथुरा के कच्ची सड़क निवासी 12 वर्षीय समर्थ, गोवर्धन रोड मथुरा निवासी 18 वर्षीय कार्तिक और राया निवासी 16 वर्षीय जिया झुलस गए वहीं 28 वर्षीय कविता घायल हो गई। पुलिस ने झुलसे कार्तिक और समर्थ को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से उन्हें मथुरा के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मसानी स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है।

# मुजफ्फरनगर से रिटायर दरोगा पत्नी के साथ पंखे पर लटके मिले

**मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** मेरठ में रिटायर्ड दरोगा और उनकी पत्नी के शव घर के अंदर एक ही पंखे पर अलग-अलग फंदे से लटके मिले। बुधवार सुबह साढ़े 9 बजे घर पर काम करने मेड पहुंची तो सबको घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घर और से सबूत जुटाए और तथ्यों की पड़ताल की। पुलिस ने रिटायर्ड दरोगा के बेटे से भी पूछताछ की है। दोनों की मौत की वजह अकेलापन सामने आ रहा है। मामला गंगानगर से सटे रक्षापुरम इलाके का है। गंगानगर से सटे रक्षापुरम के सेक्टर-4 में लल्लू सिंह (68) रहते थे। उनकी आखिरी पोस्टिंग मुजफ्फरनगर रही। वहीं से वह 2020 में रिटायर हुए थे। रक्षापुरम सेक्टर-4 में जो मकान है, यह उन्होंने अपनी नौकरी के दौरान लगभग 20 साल पहले बना लिया था। रिटायरमेंट के बाद वह पत्नी संतोष को लेकर यहां रहने लगे। लल्लू सिंह का बेटा संदीप एयरपोर्ट से रिटायर है। वह 2022 में वापस लौट आया। वर्तमान में वह बैंकिंग की तैयारी कर रहा है। वह अपने परिवार के साथ गंगा धाम कॉलोनी में रहता है। माता-पिता की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। रिश्तेदार भी यह मानने को तैयार नहीं है कि लालू सिंह और संतोष ने सुसाइड किया है। उनके भांजे सत्येंद्र चौधरी ने बताया- वह लंबे समय तक यहां रहे हैं। उनके मौसी और मौसा बहुत खुशमिजाज थे। एक दूसरे से अलग नहीं रह सकते थे। जिस तरह का उनका व्यवहार था, वह सुसाइड जैसा कदम नहीं उठा सकते। पड़ोसी बताते हैं कि सुबह 5 उठकर दोनों घूमने जाते थे। वापस आने के बाद लल्लू सिंह पौधों में पानी देते थे और साफ सफाई करते थे। आखरी बार लोगों ने मंगलवार शाम संतोष को देखा था जो दूध लेकर घर आ रही थीं। वह ही अधिकांश बाहर का काम किया करती थी।



लल्लू सिंह, पति
संतोष सिंह, पत्नी

# मोहाली में 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकीः ईमेल में लिखा-सीएम को मानव बम से उड़ाएंगे, संसद, मोदी-शाह भी टारगेट

**मोहाली, 11 फरवरी (एजेंसी)। मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नई दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है। इसमें पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। सुबह 8.50 बजे स्कूल खुलने थे, इससे पहले ही मेल पहुंच गई। जैसे ही धमकी भरी मेल मिली तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद स्कूलों में तत्काल छुट्टी कर दी गई। स्कूल मैनेजमेंट्स ने पेरेंट्स को अर्जेंट मैसेज भेजकर अपने बच्चों को घर ले जाने को कहा। इसके अलावा स्कूल बसों को भी गेट से ही लौटा दिया गया। बच्चों को स्कूल के अंदर एंट्री नहीं दी गई।**

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में संगीत सोम दोषमुक्त



**मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** पूर्व विधायक संगीत सोम को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में दोषमुक्त कर दिया गया है। यह फैसला मेरठ की एसीजेएम कोर्ट संख्या 3 के न्यायाधीश मोहम्मद नदीम अनवर ने सुनाया। मामला वर्ष 2017 का है। यह प्रकरण सरधना थाना क्षेत्र से संबंधित है। आरोप था कि वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में धारा 144 लागू थी। संगीत सोम के चुनावी रोड शो का समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रस्तावित था, लेकिन रोड शो शाम 5 बजे समाप्त हुआ। वादी उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, जो सरधना थाने में तैनात थे, ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि निर्धारित समय से अधिक रोड शो चलने के कारण शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका थी, जिसके चलते पूर्व विधायक के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया।

## अयोध्या में दफनाया गया फरीदाबाद जेल में मारे गए 'आतंकी' रहमान का शव

**अयोध्या, 11 फरवरी (एजेंसी)।** अयोध्या में अब्दुल रहमान का शव कब्रिस्तान में दफनाया गया। जनाजे में गांव के करीब 200 लोग शामिल हुए। पहले नमाज अदा की गई, फिर घर से 500 मीटर दूर कब्रिस्तान में दफनाया गया। पिता ने बताया कि बेटे की जमानत भी जल्द होने वाली थी। 5 फरवरी को ही बेटे से मुलाकात करके लौटा था। उसने बताया था कि दो-तीन दिन पहले एक नया कैदी उनके साथ बैरक में रखा गया है। जब परिवार ने उसकी स्थिति के बारे में पूछा तो उसने कहा था कि सब ठीक है, कोई परेशानी नहीं है। 9 फरवरी को उसकी मौत की सूचना मिली। 20 साल के अब्दुल रहमान की 8 फरवरी को फरीदाबाद की जेल में एक साथी कैदी ने हत्या कर दी थी। परिजन मंगलवार रात शव लेकर फरीदाबाद से 650 किलोमीटर दूर पैतृक गांव मंजनाई पहुंचे। अब्दुल पर राम मंदिर को उड़ाने की साजिश रचने के आरोप था। उसे गुजरात अव्हर ने मार्च 2025 में गिरफ्तार किया था। छानबीन के बाद दावा किया गया था कि अब्दुल अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के कुख्यात आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में था।

## जन-गण-मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में वंदे मातरम बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरूआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है।

**सभी 6 पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई; सिनेमाघरों को छूट**

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने माना-एपस्टीन से 3-4 प्रोफेशनल मुलाकातें हुई

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एपस्टीन के आपराधिक मामलों से अपना कोई संबंध होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि वह यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से तीन या चार बार मिले थे। यह बातचीत पूरी तरह से प्रोफेशनल थी, जो इंडिपेंडेंट कमीशन ऑन मल्टीलेटरलिज्म और दूसरे इंटरनेशनल कामों से जुड़ी थी। पुरी ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोकसभा में एपस्टीन विवाद में उनका नाम लेने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एपस्टीन के आपराधिक मामलों से अपना कोई संबंध होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया। पुरी ने कहा, जब मैंने मई 2009 से न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला था, तब से लेकर 2017 में मंत्री बनने तक की अवधि के 30 लाख ईमेल जारी किए गए हैं। इस दौरान, केवल तीन या चार बैठकों का ही जिक्र मिलता है और मेरी बातचीत पूरी तरह से पेशेवर थी। दरअसल, राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में एपस्टीन फाइल्स को लेकर पुरी का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं जानता हूं कि उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था। हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने मिलवाया था।



**यौन अपराधी से संबंध का आरोप बेबुनियाद; राहुल ने संसद में नाम लिया था**

# मेरठ में सेंट्रल मार्केट में ध्वस्तीकरण को रोकने को14 फरवरी को बंद की तैयारी

**मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों को माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए नोटिस के बाद से उनकी बेचैनी और दहशत बढ़ती जा रही है। इसको लेकर व्यापारी कभी जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं तो कभी प्रदर्शन कर अपनी आवाज उठा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों ने 14 फरवरी को बंदी के साथ एक आम पंचायत की घोषणा की, जिसमें वह अपनी पीड़ा जिले भर के व्यापारियों को बताएंगे। व्यापारी निमित्त जैन ने बताया कि संयुक्त व्यापार संघ के दोनों गुट के साथ- साथ जागृति विहार, शास्त्री नगर, आबूलेन और अन्य जगहों के व्यापारियों को इस पंचायत में बुलाया जाएगा। इसके बाद हम उनको अपनी पीड़ा बताते हुए अपने लिए कोई रास्ता निकालने की मांग रखेंगे। उसी रणनिति पर हम व्यापारी आगे चलेंगे। व्यापारियों ने कहा कि जो बंदी अभी 14 फरवरी को 2:00 बजे तक के लिए निर्धारित की गई है, वह दो बजे ही पूरी होगी या उसका समय आगे तक के लिए बढ़ाया जाएगा इसको लेकर पंचायत में ही निर्णय लिया जाएगा। अगर हमें अपनी दुकान बंद करने के लिए बंदे का समय बढ़ाना पड़ा तो हम निश्चित रूप से इस बंदे को आगे लेकर जाएंगे।

## दो भाइयों ने मिलकर 30 लाख रुपये की साइबर ठगी

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** ऑनलाइन कारोबार का खेल बिछाकर दो सगे भाइयों ने 30 लाख से अधिक रुपये की ठगी कर ली। साइबर अपराधा शाखा की जांच में सामने आया कि एक भाई के नाम मोबाइल नंबर है, जिसके माध्यम से ठगी की गई, जबकि दूसरे भाई का बैंक खाता है, जिसमें ठगी की रकम पहुंची है। अब पुलिस दोनों भाइयों की तलाश में लगी है। दोनों भाइयों ने मिलकर महाराष्ट्र और केरल राज्य के लोगों को निशाना बनाया है। साइबर थाना के निरीक्षक रविंद्रपाल सिंह ने दर्ज कराए अभियोग में बताया कि ऑनलाइन ठग गिरोह की जांच की गई, जिसमें कई चौंकाने वाले राजफाश हुए हैं। 27 जनवरी को मिली शिकायत के आधार पर पड़ताल की गई, जिसमें मोबाइल नंबर से टेलीग्राफ की फर्जी आइडी बनाकर ठगी की गई। मोबाइल नंबर विजय कुमार पुत्र सतेंद्र कुमार निवासी सावटू, थाना भौराकलां के नाम पर पंजीकृत निकला है। आरोपित ने बल्लभगढ, फरीदाबाद, हरियाणा में 54,600, त्रिशूर ग्रामीण क्षेत्र, केरल में 21,99,000, नागपुर ग्रामीण सोनर, महाराष्ट्र में 70 हजार से अधिक रुपये की ठगी इस नंबर के विरुद्ध मिली है। ठगी की सभी रकम को आरोपित भाई अजय कुमार के इंडियन बैंक शाखा, शामली रोड तितावी के खाते में डाली गई। निरीक्षक रविंद्रपाल सिंह ने बताया कि ऑनलाइल ठगी की चेन तलाशी जा रही है। दोनों भाई अपने गिरोह के साथ मिलकर लगभग 30.89 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर चुके हैं। पुलिस दोनों लुटेरों भाइयों की धरपकड़ में लगी है।

## अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में बच्चों से कुकर्म का आरोप : पॉक्सो कोर्ट में शिकायत दर्ज

**प्रयागराज, 11 फरवरी (एजेंसी)।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में बच्चों के यौन शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने 8 फरवरी को प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में वाद (शिकायत) दायर करके कहा- गुरुकुल की आड़ में वह बाल उत्पीड़न करते हैं। अपने आरोपों की पुष्टि के लिए आशुतोष ब्रह्मचारी ने 2 बच्चों को भी पेश किया। उन्होंने कहा- अविमुक्तेश्वरानंद अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। उनके पास आय से अधिक संपत्ति है। इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। कोर्ट के नोटिस पर अविमुक्तेश्वरानंद के वकील ने 10 फरवरी को जवाब दाखिल किया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा- हमने कोर्ट में सारे साक्ष्य दिए हैं। हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। जबसे हमने गोमाता की रक्षा के लिए आवाज उठानी शुरू की है, तब से सरकार और कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आ रहा। अब 20 फरवरी को दोनों पक्षों के वकील कोर्ट में पेश होंगे। बता दें कि चित्रकूट की श्री तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह के मुख्यवादी और पक्षकार भी हैं। माघ मेले में हुए विवाद के बाद रामभद्राचार्य और अविमुक्तेश्वरानंद आमने-सामने आ गए थे। 24 जनवरी यानी मौनी अमावस्या के 6 दिन बाद आशुतोष महराज ने प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर से अविमुक्तेश्वरानंद की 2 शिकायतें की थीं। पहली शिकायत में आरोप लगाया कि अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर और गुरुकुल में नाबालिग बच्चों को रखा जाता है। उनसे निजी सेवा, भीड़ जुटाने, कार्यक्रमों और पालकी उठवाने जैसे काम कराए जाते हैं। बच्चों का यौन शोषण होने की भी आशंका है।

# दरोगा के पैन कार्ड पर 10.5 करोड़ रुपये का फर्जी खेल, जीएसटी नोटिस ने उड़ाए होश

**मुजफ्फरनगर, 11 फरवरी (बु.)।** साइबर जालसाजों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब खाकी वर्दी वाले भी उनके निशाने पर हैं। मुजफ्फरनगर के तितावी क्षेत्र के निवासी और वर्तमान में लखनऊ में तैनात उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के पैन कार्ड का दुरुपयोग कर अज्ञात ठगों ने 10.5 करोड़ रुपये का फर्जी ट्रांजैक्शन कर डाला। इस बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब जीएसटी विभाग का करोड़ों की कर चोरी का नोटिस दरोगा के दरवाजे पर पहुँचा। पीड़ित दरोगा धर्मेंद्र कुमार को मिले नोटिस से पता चला कि उनके पैन कार्ड के जरिए दिल्ली में एक फर्जी फर्म रजिस्टर्ड की गई थी। इसी फर्म के माध्यम से जालसाजों ने करोड़ों रुपये का लेनदेन किया। इस पूरी प्रक्रिया की भनक न तो दरोगा को लगी और न ही संबंधित बैंक या विभागों को शुरूआती दौर में कोई संदेह हुआ। तो पीड़ित दरोगा ने एसएसपी के सामने इंसाफ की गुहार लगाई। मामला संज्ञान में आते ही धर्मेंद्र कुमार ने तुरंत जीएसटी और आयकर विभाग को लिखित में सूचित किया कि इस फर्म या लेनदेन से उनका कोई लेना-देना नहीं है। मंगलवार को उन्होंने मुजफ्फरनगर एसएसपी संजय कुमार वर्मा से मुलाकात कर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ को जांच की जिम्मेदारी सौंप दी है। पुलिस अब निम्नलिखित बिंदुओं पर काम कर रही है।

## बजट में मेरठ को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की सौगात

**मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)। यूपी के मेरठ को मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की सौगात मिली है। इससे खेल और खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा। मेरठ के सलावा में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद खेल यूनिवर्सिटी का जिक्र भी बजट की प्रस्तुति के दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा किया गया। लगभग 100 एकड़ में यह विकसित हो रही है, जिसका अनुमानित बजट 700 करोड़ माना जा रहा है।**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी सप्ताह रैपिड रेल का उद्घाटन करने मेरठ आएंगे ?

**मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसी)।** मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक मेट्रो और नमो भारत ट्रेन के संचालन का इंतजार शीघ्र ही खत्म होने वाला है। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरठ आकर मेट्रो को हरी झंडी दिख सकते हैं। इसको लेकर मोहिउद्दीनपुर में इंटीग्रेटेड टाउनशिप की भूमि पर कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने मोहिउददीनपुर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। वहीं शताब्दीनगर मेट्रो स्टेशन, परतापुर हवाई पट्टी का भी निरीक्षण करके व्यवस्थाएं देखीं। उधर जनसभा स्थल पर पीडब्लूडी और बिजली विभाग के ठेकेदारों ने काम शुरू कर दिया। 16 या 18 फरवरी को पीएम के कार्यक्रम की बात कही जा रही है, लेकिन प्रशासन की तरफ से पीएम के कार्यक्रम की तिथि स्पष्ट नहीं की जा रही है। दिल्ली से मेरठ मोदीपुरम तक रैपिड के 82 किमी लंबा कॉरिडोर है। इसमें दिल्ली से मेरठ साउथ तक 55 किमी कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन जनता को पूर्व में सौंपी जा चुकी है, जिसका लाभ मेरठ, गाजियाबाद जनपद के लोग ले रहे हैं। मेरठ साउथ स्टेशन से मोदीपुरम तक 27 किमी कॉरिडोर पर पिछले छह माह से खाली मेट्रो और नमो भारत ट्रेन दौड़ रही है। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने उस समय नमो भारत और मेट्रो ट्रेन कॉरिडोर की रिपोर्ट पीएमओ को सौंपने की बात कही थी। मेट्रो ट्रेन मेरठ की जनता को सौंपने की मांग स्थानीय लोगों के बीच ही नहीं, बल्कि संसद में भी उठ चुकी है। राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने लोकसभा में मेट्रो संचालन का सवाल खड़ा करते हुए सरकार से जवाब मांगा था। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक नमो भारत और मेट्रो ट्रेन जनता को सौंपने के लिए पीएमओ ने कदम बढ़ा दिया है। प्रशासन ने मोहिउद्दीनपुर में उसी स्थान को पीएम के कार्यक्रम के लिए संवारना शुरू किया है, जहां पर कुछ ही दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा हुई थी। बुधवार को अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। वहीं जेसीबी से स्थल को समतल करने का काम किया गया।